## न्यूज ब्रीफ

### एसएसपी के आदेश पर छह के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही दो किसानों बीच आपसी विवाद चल रहा है। पीड़ित का कहना है कि पड़ोसी दबंग व्यक्ति मेरे खेत की मेंढ़ काट लेते है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर छजलैट पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना छजलैट क्षेत्र के ग्राम मुंडा खेड़ी निवासी अजीत सिंह पुत्र बलबीर सिंह ने गांव के ही अटल व उदित पर आरोप लगाते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की मांग की। पीड़ित का कहना है कि गांव के ही दबंग व्यक्ति बार-बार परेशान कर धमकी देते रहते हैं जिसकी पहले भी पुलिस से शिकायत की तो पड़ोसियों ने उनके ऊपर फायर कर दिया था। इसकी शिकायत के बाद भी पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित की शिकायत पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर अटल व उदित , शुभम ,मनोज सहित 6 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### भीकनपुर के जंगल में दिखा तेंदुआ, दहशत

**कांठ, अमृत विचार :** रात्रि में पुलिस गस्त पर थी तभी गांव के पास ब्लॉक के पीछे वाली सड़क पर पुलिस वालों को तेंदुआ दिखाई दिया। बुधवार को सायं काल थाना छजलैट पुलिस भीकनपुर गांव में गस्त पर थी तभी उनको ब्लॉक भीकनपुर के पीछे वाली सड़क पर तेंदुआ दिखाई दिया तो वह घबरा गए। उन्होंने इसकी सूचना ग्राम वासियों को दी और काफी देर तक तेंदुआ इधर से उधर घूमता रहा। शोर शराबा मचाने पर तेंदुआ जंगल की तरफ चला गया। गांव में भी लोग जागकर कर अपने-अपने दरवाजे पर चौकसी करने लगे। गांव के ही राजकुमार का कहना है कि काफी समय के बाद गांव के आसपास तेंदुआ दिखाई दिया जिसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। यदि दोबारा दिखाई देता है तो पिंजरा लगवाने की कार्रवाई भी वन विभाग से करवाई जाएगी।

### करंट से 10 साल की बच्ची झुलसी

**कुंदरकी, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन से 10 वर्षीय मासूम तनीषा को जोरदार करंट लग गया। आनन-फानन में बच्ची को कुंदरकी के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया। कुंदरकी वार्ड नंबर 4, कन्या इंटर कॉलेज के पास तस्लीम की पुत्री तनीषा छत पर खेल रही थी। छत के पास से गुजर रही ढीली हाईटेंशन लाइन से करंट लग गया। तौसीफ ने कहा कि हाइटेंशन तार नीचे होने से स्थानीय लोग डर के साए में जी रहे हैं। पहले भी कई लोगों को करंट लगा चुका है। बिजली विभाग को शिकायतें की गईं, लेकिन सिर्फ आश्वासन ही मिला। हादसे से आक्रोशित ग्रामीण बिजली घर पहुंचे और एसडीओ से बात की। एसडीओ ने तुरंत लाइन सुधारने का भरोसा दिलाया ताकि भविष्य में ऐसी घटना न हो।

### घटना में हुई युवक की मौत के मामले में मुकदमा

**बिलारी,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव भूड़ मरेसी के सुमित शर्मा ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसके भाई मोहित कुमार 19 जनवरी को जरगांव पेट्रोल पंप से अपने गांव को आ रहे थे। रास्ते में कमालपुर चंदोरा के पास अज्ञात वाहन ने उनके भाई की बाइक में टक्कर मार दी। जिससे उनकी हालत गंभीर हो गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एंबुलेंस से लेकर आए। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अंतिम संस्कार के कार्य में व्यस्त रहने के कारण रिपोर्ट दर्ज करने नहीं पहुंचे। अब तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

---

### मंडलायुक्त, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष व अन्य अधिकारियों ने किया योजना का लोकार्पण, पंजीयन पुस्तिका और वेब लिंक लॉन्च

# गोविंदपुरम अवासीय योजना से होगा शहर का सुनियोजित विस्तार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- मंडलायुक्त ने कहा, पारदर्शिता से होगी प्लॉट बुकिंग, स्थानीय लोगों को प्राथमिकता
- प्रसिद्ध रेडियो खगोलशास्त्री गोविंद स्वरूप के नाम पर किया गया है योजना का नामकरण


अवासीय योजना की पंजीयन पुस्तिका और वेब लिंक लॉन्च करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह व अन्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से बहुप्रतीक्षित गोविंदपुरम आवासीय योजना फेज-एक का लोकार्पण बुधवार को मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह ने प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह व अन्य अधिकारियों के साथ किया। कहा कि योजना में प्लॉट की बुकिंग पारदर्शिता से की जाएगी। स्थानीय लोगों को प्राथमिकता मिलेगी।

प्राधिकरण के द्वारा दिल्ली रोड और राष्ट्रीय राजमार्ग-9 के मध्य स्थित मनोहरपुर एवं मंगूपुरा गांव के लगभग 110 एकड़ भूमि किसानों व भूमि व्यसाइयों से आपसी सहमति के आधार पर खरीदने का निर्णय लिया गया था। मंडलायुक्त के निर्देशन में अद्यतन खरीदी गई 80 एकड़ भूमि में से लगभग 67 एकड़ (271552 वर्गमीटर) भूमि पर लगभग 22 वर्ष के लंबे इंतजार के बाद महायोजना 2031 के आवासीय भूउपयोग की 27.1552 हेक्टेयर भूमि पर प्रस्तावित योजना का नाम प्रसिद्ध रेडियोखगोलशास्त्री गोविंद स्वरूप के नाम पर गोविंदपुरम आवासीय योजना किया गया। इस योजना को उत्तर प्रदेश भू सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) से पिछले साल 22 दिसंबर को स्वीकृत मिल गई थी। योजना के प्रथम चरण की लागत लगभग 580 करोड़ रुपये है।

प्राधिकरण के उपाध्यक्ष अनुभव सिंह ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना-नये शहर प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत विकसित की जा रही है। इसका उद्देश्य अवैध निर्माणों को रोकना और आवासीय समस्याओं का निस्तारण करना है। यह शहर के सुनियोजित, पारदर्शी और सतत शहरी विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। योजना में कुल 477 आवासीय भूखंड प्रस्तावित हैं। योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकरण 18 फरवरी से शुरू हो गया है जो 20 मार्च तक चलेगा। आवेदन शुल्क 1500 रुपये (जीएसटी सहित) रखा गया है।

#### योजना में भूखंडों के प्रकार

| कैटेगरी | भूखंडों की संख्या |
|---|---|
| टाइप ए-(450 वर्गमीटर) | 25 |
| टाइप बी-(288 वर्गमीटर) | 44 |
| टाइप सी-( 200 वर्गमीटर) | 76 |
| टाइप डी-( 162 वर्गमीटर) | 241 |
| टाइप ई-( 112 .50 वर्गमीटर) | 91 |

भूखंडों की कुल अनुमानित लागत श्रेणी के अनुसार लगभग 47 लाख से लेकर 1.89 करोड़ के बीच है। (अनुमानित नियमानुसार अन्य शुल्क भी देना होगा)

#### यह है योजना का आकर्षण

- नक्षत्रशाला एवं विज्ञान पार्क
- पर्यावरणीय संतुलन के लिए 18 पार्क प्रस्तावित
- प्रथम चरण में 1200 केएलडी का सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट
- विद्युत सब स्टेशन प्रस्तावित
- 9 मीटर, 12 मीटर, 18 मीटर और 24 मीटर चौड़ी सड़कें प्रस्तावित

---

### दो जोड़ी होली स्पेशल ट्रेनें चलाईं

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रेलवे ने होली में यात्रियों की सहूलियत के लिए बुधवार को एक जोड़ी और स्पेशल ट्रेन संचालित करने की घोषणा की। ट्रेन संख्या 04829 जेयू-गोरखपुर स्पेशल पांच मार्च, 12, 19, 26 मार्च को कुल चार फेरा चलेगी। वहीं वापसी में गोरखपुर से गाड़ी संख्या 04830 छह मार्च, 13 मार्च, 20 और 27 मार्च को कुल चार फेरा संचालित होंगी।

गाड़ी संख्या 04829 सुबह 8:15 बजे मुरादाबाद आएगी और पांच मिनट का स्टॉपेज रहेगा। 8:25 पर रवाना होगी। यह ट्रेन बरेली, लखनऊ, बस्ती, खलीलाबाद होते हुए गोरखपुर पहुंचेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 04731 और 04732 राजस्थान के श्री गंगानगर जंक्शन (एसजीएनआर) रेलवे स्टेशन से साप्ताहिक चलाया जाएगा। गाड़ी संख्या 04731 रविवार एक मार्च से 29 मार्च तक कुल पांच ट्रिप चलेगी। इसके अलावा 04732 मंगलवार तीन मार्च से 31 मार्च तक कुल पांच फेरा संचालित की जाएगी।

---

# दरांती से गला रेतकर भांजे की हत्या

### अवैध संबंध में रोड़ा बनने पर मामा ने सोते समय भांजे का गला काट दिया

संवाददाता मसवासी (रामपुर)


मृतक अकील।


आरोपी नसीम।

- भांजे की पत्नी से बताए जा रहे आरोपी के अवैध संबंध

**अमृत विचार :** अवैध संबंधों का विरोध करने पर मामा ने भांजे की गला काटकर हत्या कर दी। आरोपी के भांजे की पत्नी से अवैध संबंध थे। पुलिस ने आरोपी मामा को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से हत्या में प्रयुक्त दरांती भी बरामद कर ली गई है।

स्वार थाना क्षेत्र के गांव खौद कलां निवासी अकील (28 वर्ष) पुत्र शकील अहमद मंगलवार देर रात घर में सो रहा था। रात करीब 11:40 बजे उसका रिश्ते का मामा नसीम उर्फ भूरा दरांती लेकर उसके घर पहुंचा और गला रेत दिया। उसकी चीखें सुनकर आसपास के लोग पहुंच गए। तब तक अकील की मौत हो गई। परिजन भी मौके पर पहुंच गए और चीख पुकार मच गई। थाना प्रभारी संजीव कुमार ने आरोपी को गिरफ्तार कर हत्या में प्रयुक्त दरांती बरामद कर ली। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। गांव के लोगों ने बताया कि नसीम उर्फ भूरा के अवैध संबंध भांजे अकील अहमद की पत्नी से थे। अकील विरोध करने लगा था। अकील जब भी पत्नी को समझाता तो वह भी नाराज हो जाती। इसके बाद अकील की पत्नी अपने मायके में जाकर रहने लगी। इसी रंजिश में नसीम ने अकील की दरांती से गला काटकर हत्या कर दी।

#### घटना स्थल पर घूमता रहा आरोपी

मंगलवार रात को अकील की हत्या के बाद आरोपी नसीम उर्फ भूरा घटना स्थल पर दरांती लेकर घूमता रहा। मौके पर पहुंचे लोगों ने बताया कि उसके चेहरे हत्या की शिकन भी नहीं दिख रही थी। हाथ में दरांती देखकर किसी का साहस उसे पकड़ने का नहीं हुआ। पुलिस ने उसे घटना गिरफ्तार किया। लोगों ने बताया कि कई बार अकील का नसीम से विवाद हुआ था।

#### पेशेवर अपराधी है आरोपी

लोगों ने बताया कि नसीम उर्फ भूरा पेशेवर अपराधी है। उसके खिलाफ चोरी मारपीट समेत कई मुकदमे कई थानों में दर्ज हैं। बताया कि वह कुछ और काम धंधा नहीं करता है। पेशेवर अपराधी होने के कारण गांव में उसके खिलाफ कोई आवाज भी नहीं उठाता है। गांव के लोग ळभी उससे कम बातचीत करते हैं। ये वजह है कि हत्या के बाद भी बिल्कुल डरा नहीं और दरांती लेकर घटना स्थल पर करीब एक घंटे तक टहलता रहा।

#### दोनों की पत्नियां छोड़ गई थीं

हत्यारोपी नसीम उर्फ भूरा का अपनी पत्नी से तीन साल पहले तलाक हो गया था। जबकि अकील की पत्नी तीन- चार माह पूर्व घर छोड़कर अपने मायके चली गई थी। नसीम और अकील दोनों अकेले ही रहते थे। मंगलवार की रात नसीम ने अकील की गला काटकर हत्या कर दी। पुलिस के अनुसार मृतक अकील अहमद पर भी आसपास के थानों में कई चोरी के आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

---

### राजेश कुमार ने संभाला उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1989 बैच के अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण कर लिया।


राजेश कुमार पांडेय।

गोरखपुर के मूल निवासी राजेश कुमार पांडेय ने करियर की शुरुआत बरौनी में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की थी। उन्होंने रेलवे नेटवर्क में कई उच्च-स्तरीय भूमिकाओं में अपनी सेवाएं दी हैं। उत्तर रेलवे की कमान संभालने पर उन्होंने जोन के आधुनिकीकरण और यात्री अनुभव को बेहतर बनाने की प्राथमिकता गिनाई है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी उत्तर रेलवे हिमांशु शेखर उपाध्याय ने दी।

---

## डीजे को लेकर बरातियों और ग्रामीणों में चले लाठी-डंडे

संवाददाता, बिलासपुर

- दो महिलाओं समेत आठ लोग गंभीर घायल

**अमृत विचार :** विवाह में डीजे पर गाना बजाने को लेकर बारातियों और ग्रामीणों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें दो महिलाओं समेत आठ व्यक्ति घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया है। इनमें से चार घायलों को डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

मंगलवार रात गांव मुल्लाखेड़ा के मझरे निवासी ओमप्रकाश की बहन की शादी में काशीपुर से बरात आई थी। देर रात घर के सामने ग्रामीणों और बारातियों के बीच विवाद और मारपीट हुई, जिससे गांव में हंगामा मच गया। गुस्साए ग्रामीणों ने बारातियों की बस को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति संभाली और आठ घायल बारातियों को सीएचसी भेजा। तीन-चार ग्रामीणों को भी चोटें आने की बात कही जा रही है। सीएचसी में भर्ती घायलों में जयकरन, उनकी पत्नी संतोष, अजय, उनकी मां ओमवती, रोहित, राहुल, हिमांशु और रामकुमार शामिल हैं। ये सभी उत्तराखंड के ऊधमसिंह नगर के काशीपुर के निवासी हैं। वहीं ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बारातियों द्वारा नोट लुटाने से मना करने पर विवाद हुआ। उन्होंने बारातियों के नशे में होने और महिलाओं से छेड़छाड़ करने का भी आरोप लगाया। उपनिरीक्षक ओमकार सिंह बताया कि डीजे पर गाना बज रहा था। ग्रामीणों ने अपनी पसंद का गाना बजाने की मांग की, जिसके कारण विवाद और मारपीट हुई। पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित किया और शांतिपूर्ण तरीके से विवाह की रस्में पूरी कराकर दुल्हन की विदाई सुनिश्चित की। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हो गई है। जिसके आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

---

## मेटल गलाने की भट्ठियां व ई-कचरा यूनिट सील

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


मेटल भट्ठियां व ई-वेस्ट यूनिट सील करता कर्मचारी। ● अमृत विचार

- अवैध इकाइयों पर प्रशासन की टीम ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** जिले में अवैध रूप से संचालित इकाइयों व मेटल गलाने की भट्ठियों के खिलाफ जिलाधिकारी अनुज सिंह के निर्देश पर बुधवार को प्रशासन की टीम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ कार्रवाई की। टीम ने मेटल गलाने वाली भट्ठियों और ई-कचरा गलाकर सिल्ली बनाने इकाइयों को सील कर दिया।

जिलाधिकारी के निर्देश पर एसीएम फर्स्ट अभय कुमार मिश्रा के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों और उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और संबंधित थाने की पुलिस की टीमों ने आवासीय क्षेत्रों में अवैध रुप से संचालित इकाइयों पर पहुंच कर कार्रवाई की। बिना अनुमति के मेटल गलाने की भट्ठियों और ई-वेस्ट जलाने के कार्य से पर्यावरण व मानव स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए मौके पर ही कार्य बंद कराते हुए इकाइयों को सील कर दिया। संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिया कि भविष्य में इन इकाइयों का संचालन किसी भी स्थिति में न होने पाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी डीके गुप्ता ने बताया कि तीन भट्ठियों को सील कर दिया और उनके संचालकों पर भी कार्रवाई की जाएगी।

---

### बाबा नींव करोरी आश्रम ट्रस्ट ने कराया भूमि पूजन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री राम बालाजी धाम बाबा नींव करोरी आश्रम ट्रस्ट के तत्वाधान में बाबा नींव करोरी एकादश स्मृति एवं स्थापना उत्सव 19 से 23 फरवरी तक आयोजित होगा। बुधवार को काशी से आए आचार्य डॉ. घनश्याम त्रिपाठी एवं उनके साथ आए आचार्यों ने भूमि पूजन कराया।

ट्रस्ट के संस्थापक एवं अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि उत्सव के अंतर्गत हनुमान जी, श्री राधा-कृष्ण व शनिदेव महाराज की प्राण प्रतिष्ठा, रुद्र महायज्ञ और प्रतिदिन शाम को भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। समापन अवसर पर भंडारा होगा। उन्होंने यह बताया कि 20 फरवरी को ट्रस्ट द्वारा एक निर्धन कन्या का विवाह भी कराया जाएगा। राकेश कुमार गुप्ता, विनीत गुप्ता, देवेंद्र सिंह बिष्ट, विनोद राय, राजकुमार शर्मा, शैलेंद्र प्रकाश गुप्ता, शशि चतुर्वेदी, परीश सक्सेना, विकास गुप्ता आदि मौजूद रहे।

---

## दुर्घटना में बैंक कर्मी समेत दो की मौत

संवाददाता, मंडी धनौरा


हादसे के बाद अस्पताल में पुलिस व परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने भिड़ंत में निजी बैंक कर्मचारी सहित दो लोगों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


मृतक देवेंद्र गिल।

यह हादसा मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गजरौला चांदपुर मार्ग पर हुआ। दरअसल क्षेत्र के गांव मलहुपुरा गांव निवासी देवेंद्र गिल (38) एक निजी बैंक में कार्यरत थे। बुधवार दोपहर वह बैंक से धनौरा की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान गजरौला-चांदपुर मार्ग पर सामने से आ रही बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक कलाली गांव निवासी वीरपाल सिंह (40) चला रहे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक सवार उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। टक्कर की तेज आवाज सुनते ही आसपास अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों घायलों को एंबुलेंस से नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र सिंह ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

#### दोनों बाइक सवारों ने नहीं पहन रखा था हेलमेट

सड़क हादसे में बैंक कर्मचारी सहित दो लोगों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस हादसे में भी दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं पहने थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों बाइक से उछलकर सड़क पर दूर जा गिरे और सिर में गंभीर चोट लगने से उनकी जान चली गई। लोगों का कहना है कि यदि दोनों हेलमेट पहने होते, तो जान बच सकती थी। सिर सुरक्षित रहता और जान बचने की संभावना काफी बढ़ जाती।

---

### होली और रमजान पर व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने की मांग

**मुरादाबाद,अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष रजीउद्दीन खां के नेतृत्व में बुधवार को एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर रमजान और होली पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की। जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में ज्ञापन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अजय मिश्रा को सौंपा गया।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि रमजान के महीने में रोजा इफ्तार और नमाज के समय शाम 4:30 बजे से रात 10:00 बजे तक वाहन चेकिंग पर पूरी तरह से रोक लगाई जाए, ताकि रोजेदारों को किसी तरह की असुविधा का सामना न करना पड़े। साफ-सफाई, सहरी व इफ्तार के समय बिजली और पानी की आपूर्ति की मांग की। औरंगजेब अली शानू, फैजी खान, मोहम्मद रेहान, मीम फैसल, जकी खान, मोहम्मद सलमान, समीर अहमद, मोहम्मद इमरान, राशिद अली, अबुल फैज आदि मौजूद रहे।

---

**आयोजन** | पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान में कार्यशाला

# व्यक्ति निर्माण से ही होता है संगठन का निर्माण

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


प्रशिक्षण वर्ग महाअभियान कार्यशाला में मंचासीन अतिथि। ● अमृत विचार

- पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानववाद की विचारधारा प्रेरणास्रेत: सूर्य प्रकाश

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी महानगर के तत्वाधान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान कार्यशाला बुधवार को महानगर कार्यालय बुद्धि विहार में हुई।

मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि हमारे दल की क्या विचारधारा है, हमारा समाज में क्या आचरण है, यह हमें सीखना और समझना है। इसलिए हमें प्रशिक्षण में जाना होता है। मंडलों में बूथ प्रशिक्षण करना है। बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख प्रदेश-क्षेत्र के पदाधिकारी, समाज के प्रतिष्ठित सदस्य इसमें भाग लेंगे एवं सरकार की उपलब्धियों को आगे रखेंगे। पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की कार्यशाला कार्यकर्ताओं को तराशने की प्रक्रिया है। व्यक्ति निर्माण से ही संगठन का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय की एकात्म मानववाद की विचारधारा भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

विशिष्ट अतिथि एवं महानगर प्रभारी मोहन लाल सैनी ने कहा कि यह प्रशिक्षण केवल औपचारिकता नहीं बल्कि भाजपा की आत्मा है। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि हम सब एक परिवार का हिस्सा हैं हमारे सामने चुनौतियां हैं हमारा व्यवहार हमारी भाषा संगठन की छवि बनाता है। भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए सेवा ही लक्ष्य है। कार्यक्रम संयोजक धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता, प्रांतीय परिषद सदस्य निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह, ब्लाक प्रमुख मनीष कुमार, दिनेश शीर्षवाल, राहुल शर्मा, नवदीप टंडन, दिनेश सिसोदिया, चंद्र प्रजापति, हेमराज सैनी,राजेश रस्तोगी, सुनीता शर्मा, शशि किरण, मुकेश भारद्वाज, शम्मी भटनागर सहित अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

### छात्राओं को अधिकार और आत्मरक्षा के प्रति किया जागरूक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के तत्वावधान में पांचवें दिन महिला सुरक्षा एवं आत्मरक्षा विषय पर जागरूकता कार्यक्रम हुआ।

पहले सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महिलाओं को कानूनी अधिकारों, सुरक्षा उपायों तथा हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। दूसरे सत्र में प्राचार्या प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि महिला सुरक्षा केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। । मुगलपुरा महिला थाने की सीनियर इंस्पेक्टर नरगिस ने महिला अधिकारों, सुरक्षा कानूनों और आपातकालीन स्थितियों में अपनाए जाने वाले उपायों की विस्तार से जानकारी दी। संचालन कन्वीनर डॉ. सविता अग्रवाल एवं शिवानी गुप्ता ने किया। मेहंदी प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साह से हिस्सा लिया।

---

## चांद दिखा, शाम को अदा हुई तरावीह

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद


जिगर कॉलोनी स्थित डेन एफके हॉल में तरावीह की नमाज़ अदा करते रोज़ेदार।

**अमृत विचार :** मुकद्दस रमजान का आगाज गुरुवार से होगा। बुधवार शाम चांद दिखाई देने के साथ ही मुस्लिम समुदाय में खुशी की लहर दौड़ गई और पहली तरावीह अदा की गई।

शहर इमाम हकीम सैयद मासूम अली आजाद ने ऐलान किया कि बुधवार को पहली तरावीह और गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। उन्होंने अपील की कि रमजान के पाक महीने में जरूरतमंदों और गरीबों का खास ख्याल रखें। जामा मस्जिद सहित सभी प्रमुख मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई। उलमा-ए-किराम ने बताया कि यह महीना सब्र, रहमत और बरकत का महीना है। नायब शहर इमाम ने कहा कि रमजान में एक नेकी का सवाब 70 गुना तक बढ़ा दिया जाता है। उन्होंने रोजे और तरावीह का एहतमाम करने और ज्यादा से ज्यादा इबादत में वक्त गुजारने की नसीहत दी।

#### बाजार हुए गुलजार

मोहल्ला गलशहीद, ईदगाह, दौलत बाग, कटघर, तहसील स्कूल, मकबरा, मंडी चौक समेत कई इलाकों में दुकानों पर खजला, फेनी और अन्य पारंपरिक खाद्य पदार्थों की बिक्री शुरू हो गई है। खजूर की दुकानें सज गई हैं। फल मंडी में भी लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखी गई, जहां सेब, संतरा, अंगूर समेत अन्य फलों की खरीदारी की गई। परचून की दुकानों पर भी मुस्लिम महिलाओं ने रमजान की जरूरत का सामान खरीदा।

#### खजूर के दाम में 25 फीसदी तक उछाल

फल और खजूर की मंडी में इस बार महंगाई की मार भी साफ दिखाई दे रही है। व्यापारी मोहम्मद जीशान ने बताया कि दिल्ली, महाराष्ट्र और गुजरात से खजूर की खेप पहुंच रही है, लेकिन पिछले साल की तुलना में लगभग सभी किस्मों के दाम 20 से 25 फीसदी तक बढ़ गए हैं। ठंडे मौसम के कारण फलों की बिक्री अभी अपेक्षाकृत कम है। बढ़ी कीमतों ने आम उपभोक्ताओं की जेब पर असर डाला है।

# नगर निगम की छवि खराब करने को लेकर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- नगर निगम के आउटसोर्सिंग कर्मचारी की शिकायत पर दर्ज हुआ मामला

**अमृत विचार :** सोशल मीडिया पर दुष्प्रचार कर नगर निगम की छवि खराब करने के मामले में आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी अमन वाल्मीकि ने तहरीर दी।

तहरीर में कहा कि तल्हा शमीम व नीरज वर्मा साझेदारी में जूस का व्यापार स्ट्रोज ड्रिंक्स एंड बाईट्स के नाम से बुध बाजार में एक होटल के नीचे करते हैं। 8 फरवरी को एक वीडियो वायरल हुआ कि एक सफाई कर्मचारी उस दुकान के सामने रखे डस्टबिन का कूड़ा फैला रहा है। इस पर आउटसोर्सिंग सफाई कर्मचारी अजय की सेवा समाप्त कर दी गई। 17 फरवरी को नगर निगम व पुलिस की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से एक्स पर तीन लोगों ने पोस्ट डाला। साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारी की सेवा समाप्ति का पत्र भी पोस्ट किया गया है। नगर आयुक्त के निर्देश पर सफाई कर्मचारी अमन की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल का कहना है कि मामूली विवाद को गलत रूप देकर सोशल मीडिया पर बड़ा विवाद बनाने और दुष्प्रचार करने की कोशिश की गई है। इसका उद्देश्य समाज में विद्वेष फैलाना प्रतीत हो रहा है।

### सहालग में बाजारों में रौनक, देर रात तक दुकानों पर की जा रही रही खरीदारी

# दुल्हनों को भा रहे हैंडवर्क, खाटली और जरी-जरदोजी वाले लहंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शादी-विवाह के सीजन में शहर के बाजार दुल्हनों के लिए शादी के कपड़े और अन्य सामग्री की खरीदारी से गुलजार हैं। बुधबाजार, टाउन हॉल, चौमुखापुल और ताड़ीखाना समेत अन्य प्रमुख बाजारों में देर रात तक रौनक है। इस बार सूरत के डिजाइनर ब्राइडल लहंगे दुल्हनों की पहली पसंद बने हुए हैं। हैंडवर्क, खाटली वर्क और जरी-जरदोजी से सजे लहंगे खूब भा रहे हैं। चार हजार रुपये से लेकर 30 हजार रुपये तक की रेंज में उपलब्ध लहंगे हर वर्ग की दुल्हनों को आकर्षित कर रहे हैं।



बाजार में साड़ी पसंद करतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

**हैंडवर्क और खाटली वर्क की बढ़ी डिमांड :** इस बार बाजार में हल्के वजन के साथ हैवी लुक देने वाले लहंगे ट्रेंड में हैं। पारंपरिक लाल और मैरून के साथ पेस्टल शेड्स, रॉयल ब्लू, वाइन और फ्यूशिया पिंक रंग भी खूब पसंद किए जा रहे हैं। खासकर खाटली वर्क, सीक्विन, मिरर वर्क और जरी कढ़ाई वाले लहंगों की मांग अधिक है।

**एम्ब्रॉयडरी वाला डिजाइन भी चलन में :** बुधबाजार के कपड़ा व्यापारी अरविंद गुप्ता बताते हैं इस बार सूरत के डिजाइनर लहंगों की अच्छी बिक्री हो रही है। दुल्हनें ऐसे लहंगे पसंद कर रही हैं जो शादी के साथ रिसेप्शन में भी पहने जा सकें। खाटली वर्क और हैंड एम्ब्रॉयडरी वाले डिजाइन ज्यादा चल रहे हैं।

### साड़ी और गाउन की भी खूब वैरायटी

दुल्हनों के साथ उनकी सहेलियां और परिवार की महिलाएं भी खरीदारी में पीछे नहीं हैं। बाजार में बनारसी, कांजीवरम, ऑर्गेंजा, सिल्क, नेट और सीक्विन वर्क साड़ियों की भरपूर वैरायटी उपलब्ध है। कई दुकानों पर रेडीमेड के साथ कस्टमाइज्ड लहंगे और गाउन भी तैयार किए जा रहे हैं।

### चार हजार से 30 हजार तक की रेंज

सहालग के चलते दुकानों पर विशेष ऑफर और पैकेज भी दिए जा रहे हैं। लहंगों की शुरुआती कीमत करीब चार हजार रुपये है, जबकि हैवी डिजाइनर ब्राइडल लहंगे 25 से 30 हजार रुपये तक उपलब्ध हैं। दुकानदारों के अनुसार पिछले साल की तुलना में इस बार बिक्री में अच्छा इजाफा हुआ है। शादी की तैयारियों में जुटी दुल्हनें फैशन और परंपरा का संतुलन बनाए रखते हुए खरीदारी कर रही हैं।

### कस्टमाइज्ड डिजाइन के मिल रहे आर्डर

ताड़ीखाना बाजार में व्यापारी रोहित बंसल ने बताया कि दुल्हनों के साथ उनकी बहनें और रिश्तेदार भी मैचिंग साड़ी और गाउन खरीद रही हैं। इस बार पेस्टल और हल्के रंगों की मांग ज्यादा है। कस्टमाइज्ड डिजाइन के लिए भी अच्छे ऑर्डर मिल रहे हैं।

### शहर में आज

- **यूपी बोर्ड :** 10वीं की कंप्यूटर की परीक्षा सुबह 8 :30 बजे
- **यूपी बोर्ड :** 12वीं व्यवसायिक शिक्षा की परीक्षा सुबह 8 :30 बजे

# यूपी बोर्ड परीक्षा का पहला दिन... विद्यार्थी बोले, शुरुआत अच्छी

### दसवीं में 37,100 और बारहवीं में 34,886 विद्यार्थियों ने दी परीक्षा, 112 कॉलेजों को बनाया गया है केंद्र

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश की ओर से हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं बुधवार से शुरू हो गईं। कड़ी निगरानी के बीच पहले दिन सुबह 8.30 बजे शुरू हुई पहली पाली में हाईस्कूल का हिंदी और दोपहर दो बजे की दूसरी पाली में सामान्य हिंदी का पेपर हुआ। परीक्षा केंद्र से बाहर निकलने पर विद्यार्थियों के खिले चेहरे जैसे खुद कह रहे थे कि पेपर उनकी तैयारी के अनुरूप था और अच्छा हुआ। विद्यार्थियों ने बताया कि शुरुआत अच्छी हुई है, यूं ही सभी पेपर आए तो क्या ही कहने हैं।

सुबह की परीक्षा में 39593 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें 37100 उपस्थित रहे और 2493 विद्यार्थियों ने परीक्षा से किनारा किया। दोपहर की पाली में बारहवीं की हिंदी की परीक्षा में 36285 परीक्षार्थियों में से 34886 उपस्थित और 1399 अनुपस्थित रहे। किसी भी केंद्र से कोई नकल करते यानी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया। परीक्षा छूटने के बाद कई केंद्रों के बाहर जाम की स्थिति बनी। सिविल लाइंस, पीलीकोठी चौराहा, गुरहट्टी, लाजपतनगर आदि जगहों पर जाम के हालात बन गए। परीक्षा के लिए जिले में 112 केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल भी तैनात रहा। सचल दस्तों ने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में बने कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों की ऑनलाइन मॉनिटरिंग की गई। केंद्रों के कैमरे चलते मिले। कई बार नेट की स्पीड कम होने के चलते केंद्रों का संपर्क भी टूटा। डीआईओएस देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि कंट्रोल रूम के एक कंप्यूटर से दस-दस केंद्रों को जोड़ा गया है।



पहला पेपर अच्छा होने की खुशी जाहिर करतीं छात्राएं। ● अमृत विचार



मैथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आती छात्राएं। ● अमृत विचार

नियमित रूप से रिवीजन करने का परिणाम यही रहा कि पेपर जब सामने आया तो सभी प्रश्न ऐसे प्रतीत हो रहे थे जैसे कुछ देर पहले ही पढ़े हों।



– ऋषभ, छात्र, बारहवीं

परीक्षा की शुरुआत उम्मीद से अच्छी हुई है। समय प्रबंधन के हिसाब से पेपर दिया गया था। निश्चित ही अच्छे अंक आने का विश्वास है।



– महिमा मैसी, छात्रा, दसवीं

पहले दिन थोड़ी सी घबराहट थी। कुछ समझ नहीं आ रहा था। लेकिन प्रश्नपत्र सामने आते ही सारा डर जैसे छूमंतर हो गया।



– मनीष, छात्र, बारहवीं

पिछले वर्ष के मॉडल पेपर हल करने का फायदा मिला। लगभग पेपर उसी के अनुरूप था। शिक्षकों के टिप्स काफी काम आए।



– ज्योति, छात्रा, दसवीं

### तलाशी में मिले मोबाइल फोन, सिगरेट के पैकेट

परीक्षा केंद्रों के बाहर छात्रों की तलाशी के दौरान कई केंद्रों पर छात्रों के पास से मोबाइल फोन मिले। कुछ छात्रों की जेब से सिगरेट और पान मसाले के पैकेट भी मिले। जिन्हें बाहर फेंकवा दिया गया। पढ़ाई के लिए लाए गए मॉडल पेपर भी केंद्रों के बाहर रखवा दिए गए। दूसरी पाली की परीक्षा संपन्न होते हुए कुछ विद्यार्थी केंद्र के पास दुकान पर सिगरेट पीने और गुटखा खाने के लिए इकट्ठे हो गए।

### प्रार्थना कर परीक्षा देने पहुंचे विद्यार्थी

यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन अच्छी शुरुआत के साथ ही बेहतर परिणाम के लिए कोई मंदिर में भगवान से प्रार्थना कर तो कोई माता-पिता से आशीर्वाद लेकर परीक्षा देने पहुंचा। माताओं ने बच्चों का तिलक कर उनका मुंह भी मीठा कराया। किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए विद्यार्थी निर्धारित समय से एक घंटा पहले ही परीक्षा केंद्र पर पहुंच गए। बच्चों का मनोबल बढ़ाने के लिए अभिभावक भी उनके साथ पहुंचे।

### रजिस्ट्रेशन, आधार कार्ड नहीं

विद्यार्थियों को निर्देश थे कि प्रवेश पत्र के साथ ही एक अन्य पहचान पत्र की कॉपी लेकर पहुंचे। पहले ही कुछ परीक्षार्थियों के पास रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र और आधार कार्ड नहीं मिला। ऐसे में अधिकांश परीक्षार्थियों को अंडर टेकिंग लेते हुए परीक्षा में बैठाया गया और अगली परीक्षा में सभी कागज साथ लाने की चेतावनी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### टीकाकरण में जागरुकता की कमी से लक्ष्य प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** टीकाकरण कार्यक्रमों के बावजूद कई क्षेत्रों में जागरूकता की कमी देखी जा रही है। बीते दिनों स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीकाकरण शिविर लगा था, जिसमें सिर्फ 87 बालिकाओं व किशोरियों ने टीका लगवाया। कुछ अभिभावक बच्चों का समय पर टीकाकरण नहीं करा रहे हैं। स्वास्थ्यकर्मियों ने लोगों से अपील की है कि वे टीकाकरण शिविरों में हिस्सा लेकर बच्चों और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### जन औषधि केंद्रों पर दवाओं की कमी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकार द्वारा सस्ती दवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खोले गए जन औषधि केंद्रों पर कई जरूरी दवाएं उपलब्ध न होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। मरीजों का कहना है कि पर्चे में लिखी दवाएं अक्सर स्टॉक में नहीं मिलतीं, जिससे उन्हें निजी मेडिकल स्टोर से महंगी दवाएं खरीदनी पड़ती हैं। कुछ केंद्रों पर सीमित स्टाफ के कारण भी परेशानी होती है।

### नेक्स्ट जेनरेशन और आरएसडी अकादमी फाइनल में

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेताजी सुभाषचंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में चल रहे जूनियर अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट में बुधवार को खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे। पहले सेमीफाइनल में स्काईलाइन क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 23 .2 ओवर में 10 विकेट खोकर 112 रन बनाए। नेक्स्ट जेनरेशन की टीम ने 18 ओवर में मात्र तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। दूसरे सेमीफाइनल में आरएसडी ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25 ओवर में सात विकेट खोकर 174 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लव ने 54 और संदीप ने 65 रन की बेहतरीन पारी खेली। सोनकपुर स्टेडियम की टीम 19 .4 ओवर में 110 रन पर सिमट गई। संदीप को मैन ऑफ द मैच घोषित किया। फाइनल गुरुवार को खेला जाएगा।

# डीएम ने सुनीं किसानों की शिकायतें प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में किसान दिवस पर जिलाधिकारी अनुज सिंह ने किसानों की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को प्राथमिकता पर निस्तारित करने का निर्देश दिया। जिले की चीनी मिलों द्वारा गन्ना मूल्य भुगतान समय से करने पर किसानों जिलाधिकारी का आभार जताया।

जिलाधिकारी से किसानों ने कहा कि अब उन्हें अधिक उपज और उच्च गुणवत्ता के गन्ना वेरायटी की उपलब्धता कराई जाए जिससे गन्ने की फसल आर्थिक रूप से लाभदायी हो सके। छजलैट क्षेत्र में पशुओं का गलत तरीके से उपचार कर किसानों से बड़ी रकम वसूलने वाले के खिलाफ जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से जानकारी लेकर एसडीएम कांठ को निर्देश दिया कि जांच के बाद दोषी मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई कर जेल भेजें।



किसान दिवस पर समस्याएं व शिकायतें सुनते जिलाधिकारी अनुज सिंह।

- पशुओं का गलत इलाज कर किसान से बड़ी रकम वसूलने वाले पर कार्रवाई का निर्देश

उपनिदेशक कृषि ने बताया कि गन्ने की अंतः फसली के रूप में मूंग फसल के लिए एग्री दर्शन पोर्टल पर निशुल्क मूंग बीज के लिए बुकिंग 24 फरवरी तक की जा रही है। किसान भाई नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से जल्द बुकिंग करा लें। अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक द्वारा एक जांच दो बार करने और दोनों बार रुपये लेने की शिकायत पर जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह को निर्देश दिया कि संबंधित किसान को पैसे वापस दिलाएं। अपर जिलाधिकारी प्रशासन संगीता गौतम, उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी और किसान मौजूद रहे।

## मस्जिदों और ईदगाह के आसपास सफाई के निर्देश

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रमजान और जुमा अलविदा को देखते हुए अधिकारियों को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने सुविधाओं को सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने निर्माण अनुभाग के प्रभारी व कर्मचारियों को कहा कि जामा मस्जिद, ईदगाह व महानगर की मस्जिदों के संपर्क मार्ग का निरीक्षण कर उसमें गड्ढों की मरम्मत व पैच वर्क कराएं। उन्होंने मुख्य अभियंता निर्माण व अधिशासी अभियंता को कार्ययोजना के अनुरुप कार्य कराने का निर्देश दिया। संभावित बारिश के मद्देनजर नाले/नालियों की तलीझाड़ सफाई कराने के लिए कहा। जिससे नाले का पानी ओवरफ्लो होकर ईदगाह, जामा मस्जिद व मुख्य मस्जिदों के संपर्क मार्ग पर जलभराव की समस्या न उत्पन्न करें। कहा कि नाली की सफाई कराकर सिल्ट का उठान भी शीघ्र कराएं। प्रमुख मार्गों व मस्जिदों के संपर्क मार्गों पर समुचित प्रकाश व्यवस्था कराने का निर्देश भी दिया।

# सीबीएसई : 12वीं में 2772 और 10वीं में पांच छात्रों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सीबीएसई द्वारा बुधवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों की फिजिकल एजुकेशन विषय की परीक्षा हुई। जिले में 18 केंद्रों पर कुल 2808 विद्यार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 2772 छात्र-छात्राएं परीक्षा में शामिल हुए जबकि 36 ने छोड़ दी। केंद्रों पर सुरक्षा के इंतजाम रहे।

परीक्षा देकर बाहर निकले विद्यार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। 12वीं की छात्रा कशिश ने कहा कि पेपर काफी अच्छा था। अधिकांश प्रश्न एनसीईआरटी आधारित थे और जो भी नियमित रूप से पढ़ाई कर रहा था, उसके लिए पेपर आसान रहा। वहीं, छात्रा सौम्या ने बताया कि थ्योरी और केस स्टडी दोनों ही हिस्से संतुलित थे। समय प्रबंधन सही रहा और पूरे प्रश्नपत्र को हल करने का पर्याप्त समय मिला। इसी क्रम में 10वीं कक्षा की गृह विज्ञान विषय की परीक्षा एसएस चिल्ड्रेन एकेडमी और सीएल गुप्ता वर्ल्ड स्कूल केंद्र पर हुई। गृह विज्ञान में कुल पांच विद्यार्थी पंजीकृत थे और सभी परीक्षार्थी उपस्थित रहे। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा ने बताया कि जिले भर में परीक्षा शांतिपूर्ण और नकलविहीन तरीके से हुई। अधिकारियों द्वारा केंद्रों का निरीक्षण भी किया गया, जिससे परीक्षाओं की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।



सेंट मैरी स्कूल के बाहर परीक्षा देने के बाद चर्चा करती छात्राएं। ● अमृत विचार

- परीक्षा केंद्र से बाहर आकर विद्यार्थी बोले, आसान था पेपर



कशिश।



सौम्या।

### आईएचजीएफ दिल्ली मेला

### मेले में 100 देशों के 5200 विदेशी खरीदार व बाइंग रिप्रेजेंटेटिव आए, 2200 करोड़ रुपये का कारोबार

# व्यापक उत्पाद श्रृंखला ने 100 देशों के खरीदारों को किया आकर्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) के द्वारा 14 से 18 फरवरी तक ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में आयोजित 61वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग का बुधवार को समापन किया गया। आखिरी दिन मुख्य अतिथि शालिनी राजपूत, अध्यक्ष, हस्तशिल्प विकास बोर्ड, छत्तीसगढ़ ने आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग में 12 उत्पाद श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया।

ईपीसीएच के अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने कहा कि मेला में अंतरराष्ट्रीय ब्रांडों, प्रमुख आयातकों, बड़े थोक विक्रेताओं, स्वतंत्र विदेशी खरीदारों, सोर्सिंग एजेंटों तथा भारत भर के प्रमुख खुदरा प्रतिष्ठानों और हस्तियों को आकर्षित किया। आईईएमएल के अध्यक्ष डॉ. राकेश कुमार ने कहा कि इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट नई व्यावसायिक साझेदारियों के निर्माण के लिए एक गतिशील केंद्र के रूप में विकसित हो चुका है। ईपीसीएच के उपाध्यक्ष सागर मेहता ने कहा कि मेले में खरीदारों ने नई उत्पाद श्रृंखलाओं के बारे में जानकारी ली।

स्वागत समिति के अध्यक्ष मोहित चोपड़ा ने कहा कि घरेलू, जीवनशैली, उपहार, फैशन, सज्जा, फर्नीचर एवं इंटीरियर सेगमेंट लगातार विकसित हो रहे हैं। आईएचजीएफ दिल्ली मेला-स्प्रिंग के उपाध्यक्ष गौतम नाथनी ने बताया कि क्रेताओं ने हमारे निर्माता-प्रदर्शकों के सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ व्यक्तिगत उत्पाद सेगमेंट की विविधता को सराहा।

ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक राजेश रावत ने बताया कि मेले में 100 देशों के लगभग 5200 विदेशी खरीदार और उनके बाइंग रिप्रेजेंटेटिव आए। लगभग 2200 करोड़ रुपये का बिज़नेस हुआ। बताया कि 12 उत्पाद श्रेणियों में अजय शंकर एवं पीएन सूरी मेमोरियल अवार्ड फॉर बेस्ट डिजाइन डिस्प्ले प्रदान किए गए। उत्तर प्रदेश सरकार के फिल्म डेवलपमेंट काउंसिल के वाइस प्रेसिडेंट तरुण राठी और फिल्म डायरेक्टर व प्रोड्यूसर अनिल शर्मा ने अच्छे हैंडीक्राफ्ट्स उत्पादों के डिस्प्ले की सराहना की।




श्री साईं डीआर्ट को गोल्ड अवार्ड मिलने पर ट्रॉफी ग्रहण करते आकाश अग्रवाल।

- 61वां आईएचजीएफ दिल्ली मेला स्प्रिंग 2026 का इंडिया एक्सपो सेंटर, ग्रेटर नोएडा में हुआ समापन

### वर्तमान वैश्विक परिदृश्य की भी रही छाया

मेले में अमेरिका ईरान व अन्य देशों के बीच चल रहे वैश्विक तनाव के परिदृश्य का भी असर दिखा। सामान्य स्थिति रहती तो और देशी विदेशी ग्राहकों के आने की उम्मीद थी। हालांकि मेले ने हस्तशिल्प निर्यातकों को पिछले कुछ महीनों से चल रहे ट्रंप टैरिफ के साए से बाहर आने के लिए प्रेरित किया। मुरादाबाद के निर्यातकों ने भी अपने उत्पादों के लिए खरीदार जोड़े।

## विधिक सहायता व सेवा शिविर में लगेंगे विभागों के स्टॉल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 22 फरवरी को पंचायत भवन में विधिक सहायता व सेवा शिविर में विभागों के स्टॉल भी लगेंगे।

सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग का स्टॉल लगेगा। कृषि विभाग की ओर से तीन स्टॉल लगाएं जाएंगे। शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, पूर्ति विभाग, जिला प्रोबेशन विभाग, कौशल विकास मिशन का स्टॉल रहेगा। स्वास्थ्य, उद्योग विभाग और बैंकों के दो-दो स्टॉल भी लगेंगे। जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्यक्रम स्थल पर सफाई कार्य के लिए कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने का निर्देश दिया है। साथ ही मुख्य चिकित्साधिकारी को आकस्मिक चिकित्सा एवं एंबुलेंस व्यवस्था और अपर नगर आयुक्त को एक टैंकर और दो अस्थायी शौचालय की जिम्मेदारी दी है।

# होली व रमजान को देखते हुए पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक लेते एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** रमजान और होली को देखते हुए महानगर में कानून व्यवस्था व सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए बुधवार को एसपी सिटी कार्यालय में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें महानगर के संभ्रांत नागरिक और धर्मगुरु भी शामिल हुए।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने होली और रमज़ान त्योहार को देखते हुए लोगों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की। कहा कि शांतिपूर्वक व मिलजुल कर त्योहार मनाने से खुशी बढ़ती है। बैठक में शहर में जाम व सड़कों के गड्ढों से होनी वाली समस्या की जानकारी प्रबुद्धजनों ने दी। उन्होंने इसका समाधान कराने का आश्वासन दिया। कहा कि कोई भी आपसी सौहार्द बिगाड़ने की कोशिश न करे। शहरवासी शांति व सौहार्द बनाए रखें। बैठक सरदार गुरविंदर सिंह सहित अन्य लोग और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

# हाईवे निर्माण में बाधक दरगाह का बरामदा हटाया

## शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अफसरों के साथ कई थानों की पुलिस मौजूद रही, नहीं किया जा सका विरोध

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचार :** निर्माणाधीन मुरादाबाद-टिहरी राष्ट्रीय राजमार्ग 734 में अवरोध उत्पन्न कर रही दरगाह के बरामदे को प्रशासन ने जेसीबी मशीन से ध्वस्त कर सड़क निर्माण का मार्ग प्रशस्त कर दिया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए भोजपुर, भगतपुर, कुंदरकी और डिलारी के थाने के प्रभारी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे।

भोजपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसवां दोराहा पर हजरत अब्दुल रहीम चिश्ती दरगाह का बरामदा और उसकी चारदीवारी में बनी मस्जिद राष्ट्रीय राजमार्ग 734 के लिए अधिगृहीत की गई जमीन में आ रहा था। इसका मुआवजा राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने दरगाह और मस्जिद प्रबंधन को दे दिया था। प्राधिकरण ने मस्जिद को पहले ही हटा दिया था। दरगाह प्रबंधन को बरामदा स्वयं हटाने को कहा था। लंबा समय बीतने के बाद भी बरामदे को नही हटाया।



ढहाने के बाद पड़ा दरगाह का मलबा और मीनार। ● अमृत विचार

- दरगाह का बरामदा न हटाया जाए इसके लिए कई प्रयास किए गए

उसे बचाने के लिए धरना प्रदर्शन करने पर उतर आए। प्रशासन पर दबाव बनाने के लिए भाकियू के एक गुट ने धरना प्रदर्शन किया था। शहर के प्रमुख उलेमा ने भी जिला प्रशासन से मुलाकात कर धार्मिक आस्था की बात कहते हुए दरगाह के बरामदे को नहीं हटाने का अनुरोध किया था। कोई और विकल्प नहीं होने के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण और जिला प्रशासन ने असमर्थता जता दी थी। इस बरामदे को बुधवार को प्रशासन ने जेसीबी से हटा दिया। इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने और किसी अनहोनी से बचने के लिए जिला प्रशासन के साथ खुफिया एजेंसियों ने भी मोर्चा संभाले रखा। हालांकि प्रशासनिक कार्रवाई का किसी ने विरोध नहीं किया।



हजरत अब्दुल रहीम चिश्ती दरगाह का बरामदा ढहाती जेसीबी। ● अमृत विचार

# चांद नजर आया, मस्जिदों से किया गया ऐलान

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

- आज से शुरू होगा मुकद्दस रमजान उत्साह में डूबा मुस्लिम समाज

**अमृतविचार :** मुकद्दस महीने रमजान का चांद नजर आने के साथ ही क्षेत्र में खुशी, रौनक और इबादत का माहौल बन गया है। चांद दिखाई देने की पुष्टि होने के बाद मस्जिदों से ऐलान कर दिया गया कि गुरुवार को पहला रोजा रखा जाएगा। इसी के साथ एक माह तक चलने वाले रोजा, नमाज और इबादत के सिलसिले की शुरुआत होगी।

बुधवार शाम को मगरिब की नमाज के बाद लोगों ने आसमान में चांद देखने की कोशिश की। चांद नजर आने की खबर मिलते ही मस्जिदों में तकबीरें गूंज उठीं। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखा गया। लोगों ने एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है, जिसे रहमत, बरकत और मगफिरत का महीना माना जाता है। इस पूरे महीने में रोजेदार सुबह सहरी के समय भोजन कर रोजा शुरू करते हैं और सूर्यास्त के समय इफ्तार कर रोजा खोलते हैं। दिनभर भूखे-प्यासे रहकर अल्लाह की इबादत की जाती है और बुराइयों से दूर रहने का संकल्प लिया जाता है। उलेमा-ए-कराम ने बताया कि रमजान आत्मशुद्धि, संयम और सामाजिक एकता का संदेश देता है। इस महीने में जकात और फितरा अदा कर जरूरतमंदों की मदद करने का विशेष महत्व है। रमजान को लेकर बाजारों में भी रौनक बढ़ गई है। खजूर, फल, सेवईं, सूखे मेवे और अन्य खाद्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ देखी जा रही है। सहरी और इफ्तार की तैयारियों में परिवार जुट गए हैं।उलेमाओं ने अपील की है कि इबादत के साथ-साथ आपसी भाईचारा, अमन-चैन और सद्भाव बनाए रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### युवक गिरफ्तार, कच्ची शराब बरामद

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : अमृत विचार : बुधवार को कोतवाली पुलिस उपनिरीक्षक हैड कांस्टेबल राममोहन शर्मा, कांस्टेबल अरुण कुमार के साथ में शांति व्यवस्था को लेकर गश्त कर रहे थे तभी मुखबिर की सूचना पर दस लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुलिस पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम ब्रजेश कुमार उर्फ सेठी निवासी ग्राम लालापुर पीपलसाना बताया।

### चरस के साथ एक गिरफ्तार

बिलारी,अमृत विचार : उप निरीक्षक विनीत कुमार ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि बुधवार की दोपहर क्षेत्र के ग्राम रौजा से सनाई की तरफ रोड पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिसकी तलाशी लेने पर उसके पास से 372 ग्राम अवैध चरस बराबर हुई है। उसने अपना नाम राजवीर पुत्र रामवीर निवासी सनाई बताया है। आरोपी को जेल भेज दिया।

### भाजपा जिला अध्यक्ष का बस यूनियन ने किया स्वागत

ठाकुरद्वारा, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष आकाश पाल के ठाकुरद्वारा पहुंचने पर प्राइवेट बस यूनियन पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बुधवार को बाबू चेनसुखदास राइस मिल स्थित भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष (अल्पसंख्यक मोर्चा) एवं ठाकुरद्वारा–स्योहारा प्राइवेट बस यूनियन के अध्यक्ष सईक पठान के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सम्मान किया। जिला उपाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज चौहान, महामंत्री संजीव उर्फ टिल्लू, जिला पंचायत सदस्य दिनेश प्रजापति, नरेंद्र आचार्य, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, मनी चौहान, कय्यूम कुरेशी, खलीक खान सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# हत्या का प्रयास करने का आरोपी गिरफ्तार, खुली बड़ी साजिश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पूर्व ब्लाक प्रमुख और भाजपा नेता ललित कौशिक पर एक और मुकदमा दर्ज
- छह अन्य लोगों के विरुद्ध हत्या के प्रयास और साजिश रचने का लगा आरोप

**अमृत विचार :** थाना छजलैट पुलिस ने कार में जा रहे युवकों पर गोली चलाने के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में जेल से हत्या की साजिश सामने आई है। इसमें पूर्व ब्लाक प्रमुख और भाजपा नेता ललित कौशिक का भी नाम शामिल कर प्राथमिकी दर्ज की गई है।

पुलिस के अनुसार नया मुरादाबाद निवासी अजय ने थाना छजलैट में 25 दिसंबर 2025 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि थार से कांठ जाते समय उसकी कार पर गोली चलाई गई थी। पुलिस ने बुधवार को सचिन निवासी इंद्रापुरम थाना परतापुर मेरठ को गिरफ्तार किया। उसके पास से पिस्टल और चार कारतूस बरामद हुए। सचिन ने बताया कि 2017 में उसकी मुलाकात कमलवीर निवासी प्रकाश इन्कलेव और ललित कौशिक निवासी रामगंगा विहार, मुरादाबाद से हुई।

बाद में ललित कौशिक और कमलवीर हत्या के प्रकरण में जेल चले गए। पिछले साल जेल से आने के बाद कमलवीर ने उससे संपर्क साधना शुरू किया। दिसंबर में मुरादाबाद में तारीख पर आने के बाद उसने मेरी और धीरेंद्र की निवासी नगलिया जट थाना रजबपुरा, अमरोहा की कुछ लोगों से मुलाकात कराई और बताया कि दो जनवरी 2025 को ललित कौशिक और मेरे विरुद्ध अजय और नीरज की गवाही होनी है, इससे पहले उनकी हत्या करनी है। इसके लिए ललित कौशिक से भी जेल में बात हो चुकी है। कमलवीर ने हमें दो लाख रुपये दिए। 19 दिसंबर से ही हम दोनों अजय और नीरज की हत्या करने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हुए तब कमलवीर ने उन्हें तीन लाख रुपये और दिए। 25 दिसंबर को जब अजय घर से थार कार लेकर निकला तो वह भी उसके बाइक से उसके पीछे लग और मौका मिलते ही गाड़ी के नजदीक पहुंचकर गोली चला दी। इसके बाद कमलवीर के पास जाकर दोनों की हत्या करने की बात कहकर दो लाख रुपये और लेकर चले गए। अगले दिन कमलवीर ने बताया कि दोनों सुरक्षित हैं। इस प्रकरण में छजलैट पुलिस ने कमलवीर, ललित कौशिक के अतिरिक्त अमित, मोहित, प्रभारकर, अनिकेत निवासी हाजीबेड़ा थाना एंचोड़ा कंबोह और पुष्पेंद्र निवासी ग्वालपुर थाना एंचोड़ा कंबोह, जनपद संभल पर हत्या के प्रयास और साजिश रचने का मुकदमा दर्ज किया है।

# भीतखेड़ा हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण के लिए किया सर्वे

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्रालय के अधिकारियों ने बुधवार को मूंढापांडे ब्लॉक के ग्राम भीतखेड़ा स्थित हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण एवं विकास के लिए सर्वे किया। कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह ने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह से पिछले दिनों मिलकर हनुमान मंदिर के सौंदर्यीकरण व विस्तार की मांग की थी।

करीब 2 करोड़ रुपये की इस परियोजना से मंदिर में बहुउद्देशीय हॉल, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, यात्री बेंच, म्यूरल, लैंडस्केपिंग आदि कराए जाएंगे। सर्वे के बाद स्वीकृति मिऔर धन आवंटन के बाद हनुमान मंदिर का सौंदर्यीकरण कार्य शुरु हो जाएगा। सर्वे टीम में एई पर्यटन विभाग सौरभ सिंह और आर्किटेक्ट सादिक खान शामिल रहे। इस दौरान मूंढापांडे के ब्लॉक प्रमुख डॉ. नवदीप यादव, जयवीर सिंह, श्यामलाल, नेपाल सिंह, मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, विपिन, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# टंकी बनी नहीं पाइपलाइन डाल दी, उखड़ी सड़कें बनीं मुसीबत

संवाददाता, ठाकुरहारा

**अमृत विचार :** ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव कालेवाला में पेयजल योजना को लेकर लापरवाही अब ग्रामीणों के लिए बड़ी समस्या बनती जा रही है। करीब एक वर्ष पूर्व पानी की पाइपलाइन डालने के नाम पर गांव की सड़कों को जगह-जगह खोद दिया गया, लेकिन आज तक न तो पानी की टंकी का निर्माण कराया गया और न ही टूटी सड़कों की मरम्मत की गई।

गांव की मुख्य गलियों से लेकर संपर्क मार्गों तक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि राहगीरों का चलना मुश्किल हो गया है। बरसात के दिनों में गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे कीचड़ और फिसलन के कारण आए दिन लोग चोटिल हो रहे हैं। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।इसी समस्या को लेकर महिलाओं ने जोरदार प्रदर्शन किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना था कि पाइपलाइन डालते समय अधिकारियों ने जल्द पानी उपलब्ध कराने और सड़क ठीक कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी स्थिति जस की तस बनी हुई है।



टंकी निर्माण की मांग करतीं गांव कालेवाला की महिलाएं। ● अमृत विचार

- पानी को तरसी जनता, महिलाओं ने किया प्रदर्शन

ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि अधूरा कार्य छोड़ दिए जाने से गांव की पूरी व्यवस्था प्रभावित हो गई है। सड़कें टूटने से वाहनों का आवागमन बाधित है। महिलाओं ने मांग की कि जल्द से जल्द पानी की टंकी का निर्माण कराया जाए, पाइपलाइन योजना को चालू किया जाए तथा सभी क्षतिग्रस्त सड़कों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीण बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। भगवती देवी महेंद्र देवी उर्मिला देवी, भगवान देवी,बीना देवी, राजवती आदी ने प्रदर्शन में भाग लिया ।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा अजीम शब्बीर चला आता था। कई वर्ष पूर्व मैने अपना नाम अज़ीम खान रख लिया है। **अजीम खान पुत्र श्री शब्बीर खान निवासी पॉलीटेक्निक ताशका के पास, पहाड़ी गेट, रामपुर**

**सूचना**
मैंने अपने पुत्र रोहित कुमार, जो कि वर्तमान में सीमा सुरक्षा बल, असम मे तैनात है। मैने स्वयं व अपने परिवार से रोहित कुमार व उसकी पत्नी सुमेती को अपने परिवार व अपनी चल-अचल संपत्ति से वेदखल कर दिया है। रोहित कुमार व उसकी पत्नी सुमेती के किसी भी क्रियाकलाप के लिए, मैं व परिवार जिम्मेदार नहीं होगा, क्योंकि रोहित कुमार ने भी अपनी शादी के बाद से, मुझसे व मेरे परिवार से सम्बन्ध समाप्त कर लिया है। **चरन सिंह पुत्र सुक्खी राम निवासी- बलुपुरा, थाना सैफनी जिला रामपुर।**

**NOTICE**
I hitherto Known as Sonia w/o Vinay Arya R/o Kumharan, Kotpurvi Hasanpur, Amroha, UP-244241 have changed my name and shall hereafter be known as Renu Saini.

**सूचना**
मैंने अपना नाम ASHISH SINGHAL से बदलकर ASHISH KUMAR SINGHAL रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।
ASHISH KUMAR SINGHAL
S/O AMAR KUMAR SINGHAL
R/O B-2 SHIVAPURAN COLONY
RAMPUR-244901

**सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने नाम की स्पेलिंग Sabah Roohi से बदलकर Saba Roohi w/o Mohd Asif रख लिया है भविष्य में मुझे नए नाम से जाना जाए। **Saba Roohi w/o Mohd Asif निवासी कटघर बीच, मुरादाबाद**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# श्मशान घाट मार्ग से हटाया गया कब्जा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** श्मशान घाट को जाने वाले मार्ग पर किए गए अतिक्रमण को लेकर उठे विवाद के बाद पशुपति फैक्ट्री प्रबंधन ने बाउंड्री वॉल हटानी शुरू कर दी है।

पुजारी बाबा वीर दास ने दो दिन पूर्व शिकायत करते हुए आरोप लगाया था कि श्मशान भूमि को जाने वाले लगभग 22 फीट चौड़े रास्ते पर फैक्ट्री द्वारा कब्जा कर मार्ग संकरा किया जा रहा है। इस मामले की जानकारी होने पर नगर के संभ्रांत नागरिकों ने भी इसका विरोध जताया। बुधवार को फैक्ट्री प्रबंधन ने बाउंड्री वॉल हटवानी शुरू कर दी। प्रबंधन की ओर से आश्वासन दिया गया है कि दोबारा निर्माण कार्य श्मशान भूमि की पूरी सड़क छोड़कर ही किया जाएगा। ताकि रास्ते में किसी प्रकार का अवरोध न हो।

# मुकद्दस रमजान तकवा, सब्र और मगफ़िरत का महीना

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** एमआई हाउस में इस्तकबाल-ए-रमजान के उनवान से एक रूहानी व इल्मी प्रोग्राम बड़े अदब व एहतराम के साथ आयोजित किया गया। प्रोग्राम की शुरुआत हाफ़िज़ साजिद रज़ा की तिलावत-ए-क़ुरआन से हुई, जबकि मौलाना मुमताज़ सहसपुरी ने नात-ए-पाक पेश कर माहौल को मुबारक बनाया।

मुफ़्ती फैजान अशरफ़ी ने इसे तकवा , सब्र और मगफ़िरत का महीना बताया। मुफ्ती अशरफ ग़ुलाम अशरफ़ी ने कहा कि रोजा केवल खाने-पीने से रुकने का नाम नहीं, बल्कि इंसान अपने तमाम आज़ा आंख, ज़बान, कान और दिलको भी गुनाहों से रोके। क़ारी ग़ुलाम रसूल लतीफी ने मख़ारिज़ की अहमियत पर चर्चा की और सही अदायगी के साथ क़ुरआन पढ़ने की तरगीब दी। मुस्लिम स्कॉलर मुहम्मद उस्मान अज़हरी ने तरावीह, तिलावत, सदक़ा व दुआ की हिकमत और उनकी रूहानी असर अंदाज़ी पर बयान पेश किया। प्रोग्राम के कन्वीनर इंजीनियर मुहम्मद वसीम, मुहम्मद अनस और मुहम्मद हस्सान ने मरहूम विधायक हाजी मुहम्मद इरफ़ान की किताब मुंतख़ब कंजुल ईमान फी तर्जुमा-तुल-क़ुरआन तथा शालें भेंट कीं।



इस्तक़बाल–ए–रमज़ान प्रोग्राम में मौजूद मुफ्ती व अन्य। ● अमृत विचार

- इस्तक़बाल-ए-रमजान कार्यक्रम का आयोजन

मौलाना मुहम्मद रफ़ीक अहमद नईमी,मौलाना मुख्तार नईमी, शकील अहमद अशरफ़ी, मौलाना आमिर सुहेल, मुहम्मद नदीम रजवी, हामिद अली, मुहम्मद इल्यास, अता उल मुस्तफा, हसन रजा, मुमताज हुसैन, हप्पू मेंबर, इसरार मेंबर, आदिल पाशा, अरशद हुसैन, मुंशाद अली, मुस्तफा, निजामुद्दीन, इब्ने हसन व अन्य मौजूद रहे।

# होलिका स्थलों पर लकड़ी के साथ उपले भी भिजवाएगी नगर पालिका

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार :** पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर क्षेत्र के सभी होलिका दहन स्थलों पर लकड़ी के साथ उपले भेजे जाएंगे। इसके अलावा उन्होंने स्टाफ को त्योहारों पर पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त रखने की भी निर्देश दिए हैं।

बुधवार की अपराह्न नगर पालिका कार्यालय में पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह के साथ सभी सफाई नायकों और स्टाफ के साथ मीटिंग की। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि नगर में जितने भी होलिका दहन स्थल है ,उन पर अब तक नगर पालिका द्वारा लड़ी भिजवाई जाती थी परंतु इस बार उन्होंने गौशाला में उपले तैयार कराए हैं। अब लकड़ी के साथ उपले भी भिजवाए जाएंगे। जिससे पेड़ों को भी संरक्षण मिल सकेगा। इसके अलावा पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं ।होली समिति के अध्यक्ष कौशल ठाकुर ,सनातन धर्मार्थ ट्रस्ट के अध्यक्ष पंकज चौहान ने भी पालिका अध्यक्ष से मुलाकात कर तीनों जुलूस के मार्गो पर गड्ढे भरवा, नालों को कवर्ड करने की मांग की। पालिका अध्यक्ष ने कहा किपालिका द्वारा होली पर टैंकर और गोल्डन वर्ड टेलीकॉम कंपनी की तरफ से हर्बल गुलाल की व्यवस्था की जाती है। गौरव राय, राहुल सांवरा सभासद शाहरुख मोहित कुमार सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव से वार्ता करते होली कमेटी के अध्यक्ष कौशल ठाकुर।

- पालिका अध्यक्ष ने स्टाफ को दिए व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश

# पर्वों पर तीन शिफ्टों में होगी पेयजल आपूर्ति

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** पालिका अध्यक्ष मोहम्मद इरफान के निर्देश पर विद्युत रोस्टर के अनुसार अब नगरवासियों को दिन में तीन शिफ्टों में पानी उपलब्ध कराया जाएगा। जलकल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह के आदेश पर यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है, ताकि त्योहारों के दौरान किसी भी वार्ड में पेयजल संकट न उत्पन्न हो। निर्धारित समय के अनुसार प्रातः 4:20 बजे से 4:50 बजे तक, सुबह 8:00 बजे से 8:45 बजे तक तथा दोपहर 1:00 बजे से 1:45 बजे तक जलापूर्ति की जाएगी। पालिका प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नियमित रूप से इन तीनों शिफ्टों में पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### खेल प्रतियोगिता में बच्चों ने किया शानदार प्रदर्शन



**कुंदरकी, अमृत विचार :** कुंदरकी किसान पब्लिक इंटर कॉलेज में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन मैदान में रोमांचक मुकाबले देखने को मिले ।रिले रेस, लेमन रेस, थ्री–लेग रेस, स्प्रिंट आदि खेलों में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। दर्शकों की तालियों और उत्साहवर्धन से पूरा वातावरण उत्साहित रहा। मुख्य अतिथिसंजय त्यागी कुंदरकी चौकी इंचार्ज एवं विशिष्ट अतिथि इंजीनियर मोहम्मद शहरोज ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को मेडल और प्रमाण–पत्र प्रदान किए। स्कूल प्रशासक आरिफ पाशा, प्रधानाचार्य रियासत उल्लाह, खेल कोऑर्डिनेटर अरकान अली खान तथा को–कोऑर्डिनेटर गाजिया एवं शहरीन खान सहित समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।



### भाकियू टिकैत की महापंचायत को लेकर जनसंपर्क

**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) द्वारा 21 फरवरी को आयोजित होने वाली महापंचायत को लेकर संगठन के पदाधिकारियों ने गांव–गांव जनसंपर्क किया है। ब्लॉक छजलैट अध्यक्ष अनिल उर्फ अंगद चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्राम तेलीपुरा, सिरसा ढाठ, कुड़ा मीरपुर, रमपुरा, इस्माइलपुर, पचोकरा, भीकनपुर, कुरी रवाना, मथाना, ढांकी आदि गांवों में पहुंचकर किसानों से संपर्क किया और महापंचायत में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए बताया कि किसानों के नेता राकेश टिकैत द्वारा तीन जिलों बिजनौर, अमरोहा और मुरादाबाद की संयुक्त वार्षिक महापंचायत का आयोजन किया जा रहा है। यह महासभा 21 फरवरी 2026 को दिन में 12 बजे धाना क्रैशर, सैदपुर ब्लॉक नूरपुर में तीनों जिलों की सीमा पर आयोजित होगी। ब्लॉक अध्यक्ष अनिल उर्फ अंगद चौधरी ,ब्लॉक उपाध्यक्ष नैपाल सिंह, अनोज चौधरी, ऋषभ चौधरी, वरुण चौधरी, रविंद्र कुमार उर्फ गोलू, परविंदर सिंह बंटी ढाका, पीयूष चौधरी, सतवीर सिंह मान, रामअवतार सिंह, प्रिंस चौधरी, प्रीत चौधरी, पुंकी ढाका सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### एआई शिखर सम्मेलन में टीएमयू ने दर्ज कराई उपस्थिति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी ने भी सहभागिता की। कैंपस–टू–इंपैक्ट थीम के तहत प्रमुख नवाचार व उद्योग विशेषज्ञों ने पैनल चर्चा में अकादमिक विचारों को वर्चुअली दुनिया में एआई समाधानों को बदलने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में जानकारी दी। टीएमयू की डीन एकेडमिक्स व टीएमआईएफ की निदेशक प्रो. मंजुला जैन ने कहा कि एआई स्वास्थ्य सेवा, जैव तकनीकी, कृषि, शिक्षा, वित्त यहां तक की नेशनल सिक्योरिटी जैसे सभी क्षेत्रों में बदलाव ला रही है। हम केवल तकनीक के उपभोक्ता नहीं हैं, अब हम भारतीय तकनीक के क्रिएटर्स, प्रॉबल्म सॉल्वर्स, ग्लोबल इन्नोवेटर्स और कंट्रीब्यूटर्स भी हैं।टीएमआईएफ के इन्क्यूबेशन मैनेजर प्रशांत सिंह, सीनियर रेडियोलॉजिस्ट प्रो. राजुल रस्तोगी, टीएमयू आईआईसी कोऑर्डिनेटर प्रदीप कुमार वर्मा, सीसीएसआईटी से डॉ. प्रियांक सिंघल, सीओई से फैकल्टी निकिता जैन आदि मौजूद रहे।

### कोच हर्ष शर्मा ने जीता गोल्ड, यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए चयनित

कांठ, अमृत विचार : आकाश कोरियन ताइक्वांडो एकेडमी के कोच हर्ष शर्मा ने वर्धमान कॉलेज बिजनौर में आयोजित यूनिवर्सिटी गेम्स ट्रायल में गोल्ड मेडल प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के साथ उनका चयन महात्मा ज्योतिबा फुले रुहेलखंड विश्वविद्यालय की ओर से आगामी यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग करने के लिए हुआ है। उनकी इस सफलता से एकेडमी के खिलाड़ियों, अभिभावकों और परिजनों में खुशी का माहौल है। खिलाड़ियों ने कहा कि उनके मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त करना उनके लिए प्रेरणादायक है।



न्यूज ब्रीफ

### 20 व 21 को लगेगा परिवहन मेला

**रामपुर, अमृत विचार :** परिवहन विभाग द्वारा लघु अवधि की श्रेणी के तहत एकमुश्त कर ढांचे के लागू होने के बाद एआरटीओ स्तर पर कार्यालयों में परिवहन मेला लगेगा। मेले में वाहन स्वामियों को प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजना से अवगत कराने के लिए 20 एवं 21 फरवरी 2026 को पनवड़िया स्थित परिवहन कार्यालय में परिवहन मेला लगेगा। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मेले में वाहन स्वामियों की कर भुगतान एवं कर समायोजन से संबंधित समस्याओं का मौके पर समाधान किया जाएगा।

### युवती शादीशुदा प्रेमी के साथ चली गई

**ढकिया, अमृत विचार :** शाहबाद कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की अलग बिरादरी की युवती प्रेम प्रसंग के चलते गांव के ही दूसरी बिरादरी के शादीशुदा युवक के साथ चार दिन पहले चली गई थी। पुलिस ने लड़की को उत्तराखंड के एक शहर से मंगलवार रात बरामद करा दिया। लड़की के परिजनों को जब बेटी के गांव के ही शादीशुदा युवक के साथ चली गई। जानकारी होने पर परिजनों ने थाना शाहबाद में तहरीर देकर लड़की की बरामदगी की मांग की। वहीं थाने पर तमाम लोग एकत्र हो गए। इसके बाद पुलिस ने युवती को प्रेमी युवक व लड़की को उत्तराखंड के एक शहर से मंगलवार रात बरामद करा दिया। दोनों पक्षों के बीच समझौता की चर्चा है।

### बीच-बचाव कराने आए युवक को दबंगों ने पीटा रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के रतनपुरा गांव निवासी सिलास द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि वह बीते रविवार शाम अपने घर जा रहे थे। रास्ते में उन्होंने देखा कि गांव का एक युवक अपने पड़ोसी सोनू को पीट रहा था। उसने मारपीट रुकवाने के लिए बीच-बचाव करने का प्रयास किया। इसी दौरान अनिल और सनी ने उस पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया गया। रॉड सिर पर लगने से सिलास गंभीर रूप से घायल हो गए और बेहोश होकर गिर पड़े। बाद में उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस पर प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि घायल की तहरीर के आधार पर दोनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।


परीक्षा कक्ष में जाने से पूर्व परीक्षार्थियों की तलाशी लेतीं शिक्षिका। ● अमृत विचार


परीक्षा केंद्र पर छात्रों की तलाशी लेते शिक्षक। ● अमृत विचार


पेपर होने के बाद प्रश्नों के उत्तरों को चेक करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

# यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 2852 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## हाईस्कूल के 1732 और इंटरमीडिएट के 1119 परीक्षार्थियों ने छोड़ी परीक्षा, जिले में 74 केंद्रों पर दो पालियों में हुई परीक्षा, केंद्रों पर रही कड़ी सुरक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिले में 74 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में हुई यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन 2852 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिसमें हाईस्कूल के 1732 जबकि, इंटरमीडिएट के 1119 परीक्षार्थी शामिल हैं। परीक्षा केंद्रों पर पहली पाली की परीक्षा में सुबह 8 बजे परीक्षार्थी केंद्रों पर पहुंच गए और सीटिंग प्लान देखकर अपने कक्षों में पहुंचे। इससे पहले परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों की शिक्षकों ने तलाशी ली।

बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल की परीक्षा प्रातः 8:30 से 11:45 बजे तक हुई। जबकि दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का पेपर अपराह्न 2 से 5:15 बजे तक सामान्य हिंदी का हुआ। हाईस्कूल की परीक्षा के लिए 25450 जबकि, इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 20323 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया था। यूपी बोर्ड परीक्षा के हाईस्कूल के परीक्षार्थी काफी तनाव में थे शिक्षकों से पूछ-पूछकर वे अपनी सीट तक पहुंचे।

यूपी बोर्ड परीक्षा में 2650 शिक्षकों को कक्ष निरीक्षक के तौर पर लगाया गया था। जबकि, 74 केंद्र व्यवस्थापक तैनात थे। परीक्षार्थियों को तलाशी के बाद परीक्षा कक्ष में प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्रों पर जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल समेत छह उड़ाका दलों ने छापामारी की।


परीक्षा केंद्र पर सिटिंग प्लान देखती छात्राएं। ● अमृत विचार

| हाईस्कूल प्रथम पाली | | इंटरमीडिएट दूसरी पाली | |
|---|---|---|---|
| 25,450 | पंजीकृत परीक्षार्थी | 20,323 | पंजीकृत परीक्षार्थी |
| 23,717 | उपस्थित | 19,204 | उपस्थित |
| 1,733 | अनुपस्थित | 1,119 | अनुपस्थित |

### बोले परीक्षार्थी


इंटरमीडिएट का हिंदी का पेपर काफी सरल था। प्रश्न पत्र में 10 नंबर के वैकल्पिक प्रश्न थे जिनमें सही उत्तर को लिखना थो। जबकि तीसरे प्रश्न में गाद्यांश पढ़कर पांच प्रश्नों का उत्तर लिखना था। पेपर अच्छा हुआ है। – अरमान


हिंदी का पेपर था और बहुत अच्छा हुआ है उम्मीद है कि हिंदी के पेपर में अच्छे अंक मिलेंगे। पुस्तकालय का महत्व विषय पर 9 नंबर का निबंध लिखा है इसके अलावा सफाई व्यवस्था के लिए पत्र लिखा है। – अर्शिदा


हिंदी का पेपर अच्छा हुआ पेपर बहुत सरल था। जितना याद किया था वह पेपर में देखकर दिल खुश हो गया। पहले वैकल्पिक प्रश्नों के उत्तर लिखे इसके बाद दीर्घ प्रश्नों के उत्तर लिखें हैं। – हेमलता


हिंदी के पेपर के लिए तड़के कुछ प्रश्नों के उत्तर याद किए थे। पेपर हाथ में आते ही वही प्रश्न देखकर बहुत खुशी हुई। पहले उन्हीं प्रश्नों के उत्तर लिखे जोकि, तड़के में याद किए थे। पेपर अच्छा हुआ है। – असना बी

### परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट लेते रहे राउंड

**रामपुर, अमृत विचार :** नकलविहीन यूपी बोर्ड परीक्षा कराने के लिए 74 परीक्षा केंद्रों पर सेक्टर मजिस्ट्रेट राउंड लेते रहे। इसके अलावा उड़ाका दलों ने भी छापामारी की। सीसीटीवी कैमरों से परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई इसके अलावा परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहा। जिले में नकलविहीनपरीक्षा कराने के लिए 9 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 74 स्टेटिक मजिस्ट्रेट परीक्षा केंद्रों पर घूमते रहे। परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे और वाइज रिकार्डर भी लगाए गए हैं। रजा इंटर कालेज में बनाए गए कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों पर नजर रखी गई। उत्तर पुस्तिकाओं का संकलन कराने के बाद उन्हें स्ट्रांग रूम में रखवाया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए व्यापक बंदोबस्त किए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर बरेली, लखनऊ और प्रयागराज से भी नजर रखी जा रही है। उन्होंने बताया कि गुरुवार को हाईस्कूल के परीक्षार्थियों का पहली पाली सुबह 8 :30 बजे से कंप्यूटर और दूसरी पाली में इंटरमीडिएट का अपराह्न 2 बजे से सिलाई का पेपर होगा।

> पहले दिन परीक्षा शांति पूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। उड़ाका दलों ने परीक्षा केंद्रों पर छापामारी की लेकिन, कोई नकलची नहीं पकड़ा गया है। नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए पुख्ता इंतजाम कराए गए हैं।
>
> – **अंजलि अग्रवाल**, जिला विद्यालय निरीक्षक

शक होने पर कक्ष निरीक्षकों ने भी परीक्षा कक्ष में परीक्षार्थियों की तलाशी ली और उत्तर पुस्तिकाओं को चेक किया।

## सड़क हादसों में दो लोग घायल

संवाददाता, बिलासपुर

**अमृत विचारः** नैनीताल हाईवे पर दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाएं में दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर दिया। गांव पिपलिया गोपाल गांव निवासी राजू सागर उत्तराखंड के रुद्रपुर में सिडकुल स्थित एक कंपनी में कार्य करता हैं। वह बुधवार की सुबह बाइक से ड्यूटी पर जा रहे थे। नैनीताल हाईवे पर विशारदनगर के पास सामने से आ रही एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस टक्कर में राजू गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस द्वारा सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी दुर्घटना नैनीताल हाईवे पर भाखड़ा डैम के पास हुई। दिल्ली से किसी कंपनी का माल लेकर उत्तराखंड जा रही एक पिकअप की सामने से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गई। इस हादसे में पिकअप चालक विष्णु गंभीर रूप से घायल हो गया। विष्णु सीतापुर जिले के तमोर थाने के माकू बेहड़ गांव के रहने वाले हैं।

## खाद्य विभाग ने चलाया अभियान, 56 पदार्थों की जांच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार खाद्य विभाग टीम ने खाद्य सचल प्रयोगशाला के माध्यम से बुधवार को विशेष अभियान चलाया। अभियान सहायक आयुक्त (खाद्य) एंव अभिहित अधिकारी सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में अभियान संचालित चलाया गया।

तहसील शाहबाद के मेन मार्केट, शहजादनगर मार्केट एवं तोपखाना गेट साप्ताहिक बाजार में पकौड़ी निर्माताओं, खाद्य तेल, मसाले एवं दाल विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान खाद्य सचल प्रयोगशाला द्वारा चटनी, मसाले, पकौड़ी, दाल आदि कुल 56 खाद्य पदार्थों की मौके पर जांच की गई। जांच के माध्यम से आम जनता को खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा खाद्य पदार्थों में कृत्रिम रंग एवं अन्य मिलावट को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जांच में 18 नमूनों में प्रथमदृष्टया मिलावट की पहचान हुई। संबंधित खाद्य कारोबारियों को जागरूक करते हुए संभावित मिलावट के तौर-तरीकों के प्रति सचेत किया गया। खाद्य सुरक्षा मानकों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। सचल दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी रामचंद्र यादव, मनोज कुमार, अशोक कुमार, राहुल शुक्ला, शहाबुद्दीन दोस्त, देवकान्त, धर्मपाल सिंह एवं अज़रा बी मोहम्मद मौजूद रहे।


खाद्य विभाग की टीम नमूनों की जांच करते हुए। ● अमृत विचार

## फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचार :** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा ने पदाधिकारियों ने फिल्म ''यादव जी की लव स्टोरी के विरोध में प्रदर्शन किया। बाद में फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा।

बुधवार को कार्यकर्ता महासभा के युवा जिलाध्यक्ष बृजपाल यादव के नेतृत्व में तहसील भवन पहुंचे। जहां उन्होंने नारेबाजी कर प्रदर्शन किया।बाद में कार्यकर्ताओं ने एसडीएम अरुण कुमार की अनुपस्थिति में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नायब तहसीलदार अंकुर अंतल को सौंपा। जिसमें कहा कि यादव जी की लव स्टोरी फिल्म में यादव समाज की छवि धूमिल किया जा रहा है।


नायब तहसीलदार अंकुर अंतल को ज्ञापन सौंपते यादव महासभा के पदाधिकारी।

● **प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर फिल्म पर रोक लगाने की मांग, दी आंदोलन की चेतावनी**

जिससे पूरा समाज आहत है। आरोप लगाया कि फिल्म में मुख्य भूमिका में कोई यादव कलाकार नहीं है, बल्कि अन्य जातियों के कलाकारों द्वारा एक विवादित प्रेम कहानी में यादव लड़की और मुस्लिम लड़का दिखाया गया। इससे यादव समाज में रोष व्याप्त है। कलाकारों को किसी जाति विशेष पर ऐसी फिल्म नहीं बनानी चाहिए, जिससे किसी की भी भावनाएं आहत हों। उन्होंने प्रदेश तथा केंद्र सरकार से इस फिल्म पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। इस अवसर पर हेमंत यादव, हरिशंकर यादव, लक्ष्मण यादव, विशाल यादव, ओमप्रकाश यादव, अंकुर यादव, विनोद यादव, मुकेश यादव, नवीन यादव, लक्ष्य यादव, वीरेंद्र यादव, करन यादव आदि मौजूद रहे।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर तोड़ा रिश्ता

**संवाददाता, टांडा,अमृत विचारः** दहेज उत्पीड़न के मामले में कोतवाली में दो लोगों पर मामला दर्ज, युवती ने अपने मंगेतर और उसके परिजनों पर निकाह से पहले 10 लाख रुपये और कार की मांग करने तथा मांग पूरी न होने पर रिश्ता तोड़ने का आरोप लगाया है।

नगर के एक मौहल्ला निवासी युवती ने बताया कि करीब 8 माह पहले उसका रिश्ता नगर के ही एक युवक के साथ मुस्लिम रीति-रिवाज से तय हुआ था। रिश्ता होने के बाद से ही युवक उस पर शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बनाने लगा और मना करने पर रिश्ता खत्म करने की धमकी देता था। बाद में युवक और उसकी बहन ने पीड़िता से दहेज में 4 पहिया वाहन और 10 लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। बताया कि वह अनाथ है और उसके भाई अपनी सामर्थ्य अनुसार शादी का खर्च उठा रहे थे, लेकिन आरोपी अपनी मांग पर अड़े रहे। 13 फरवरी को आरोपी की बहन ने फोन पर रिश्ता खत्म करने की धमकी दी। पंचायत बुलाई गई, लेकिन वहां भी आरोपियों ने अभद्र भाषा का प्रयोग किया और दहेज की मांग दोहराई। पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी 25 मार्च को होनी थी जिसके लिए पीड़िता का परिवार लगभग 5 लाख रुपये की खरीदारी कर चुका था। युवती की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

● **पीड़िता ने मंगेतर और उसके परिवार पर दर्ज कराया मुकदमा**

## कांग्रेस कर रही अनुसूचित समाज के अधिकारों की रक्षा

**रामपुर, अमृत विचारः** राहे रजा स्थित पूर्व विधायक संजय कपूर के कैंप कार्यालय पर बुधवार को अनुसूचित विभाग की समीक्षा बैठक हुई। पश्चिम उत्तर प्रदेश के प्रभारी एवं राष्ट्रीय सचिव प्रदीप सौराहा ने कहा कि अनुसूचित जाति समाज के अधिकारों की रक्षा और उनके सर्वांगीण विकास के लिए संगठन पूरी मजबूती से कार्य कर रहा है। इस मौके पर गंगाराम कटारिया और बाकर अली खां ने विचार रखे। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि जिले में संगठन को और मजबूत किया जाएगा तथा समाज की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उठाया जाएगा। इस दौरान नोमान मुमताज खान, शकील मंसूरी, मोहम्मद जकी, सरताज, राजेश कुमार आदि रहे।

## युवक की मौत के मामले में प्रेमिका पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** 14 फरवरी को वेलेंटाइन डे पर युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने के मामले में पुलिस ने उसकी प्रेमिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

बीती 14 फरवरी को सिविल लाइंस थाना क्षेत्र की शिव विहार कालोनी निवासी गगन सागर की उत्तराखंड बार्डर स्थित चीमा कालोनी में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। वह कॉलोनी में किराए के कमरे में रहता था। यहां वह स्थानीय स्तर पर मूवी एडिटिंग की कोचिंग कर रहा था। उसका परिचय उत्तराखंड के रुद्रपुर शहर के मोहल्ला छतरपुर निवासी एक युवती से हुआ, जिसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया था। आरोप लगाया कि शनिवार को वैलेंटाइन-डे के मौके पर युवती ने उसे आत्महत्या के लिए उकसाया गया। जिससे उसने आत्महत्या कर ली थी। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने कमरे से उंगलियों के निशान और अन्य महत्वपूर्ण तथ्य जुटाए थे। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक साक्ष्यों के आधार पर युवक की मौत फांसी के फंदे पर लटकने की वजह से हुई है। पिता ओमप्रकाश की तहरीर पर आरोपी प्रेमिका वंशिका के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। जांच जारी है तथा जांच के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

● **वेलेंटाइन-डे पर रामपुर के युवक ने की थी आत्महत्या**

शिक्षा

### फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा से 28 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

## सीबीएसई के 1925 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** 13 केंद्रों पर सीबीएसई 12वीं के 1925 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। बुधवार को हुई फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा से 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से परीक्षार्थी पहुंचना शुरू हो गए। कड़ी सुरक्षा के बीच परीक्षा हुई। परीक्षा केंद्र से निकल कर परीक्षार्थियों ने प्रश्न के उत्तरों का मिलान किया। फिजिकल एजुकेशन का सरल पेपर देखकर परीक्षार्थियों को बड़ी राहत मिली है।

सीबीएसई परीक्षा में बुधवार से 12वीं कक्षा के पेपर शुरू हो गए हैं। परीक्षा के लिए 1953 के सापेक्ष 1925 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए जबकि, 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। हालांकि 17 फरवरी से सीबीएसई की परीक्षा शुरू हो गई थी लेकिन 10वीं का गणित का प्रश्न पत्र हुआ था। सीबीएसई 12वीं की परीक्षा 18 फरवरी से शुरू हुई है। सिटी कोआर्डिनेट सीबीएसई नीरज तिवारी ने बताया कि परीक्षार्थियों की परीक्षा केंद्र में प्रवेश करने पर तलाशी ली गई। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में मोबाइल, ब्लूटूथ, स्मार्ट वॉच, हेडफोन या कोई भी इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, किसी भी प्रकार का बटुआ, बैग या स्टडी मटेरियल ले जाना प्रतिबंधित रहा। सिटी कोऑर्डिनेटर ने बताया कि 20 फरवरी को 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों का फिजिक्स का पेपर होगा।


परीक्षा के बाद प्रश्न पत्रों में लिखे उत्तरों का मिलान करते परीक्षार्थी। ● अमृत विचार

> सीबीएसई के 12वीं कक्षा के परीक्षार्थियों की बुधवार को फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा हुई। परीक्षा से 28 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे जबकि, 1925 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए।
>
> – **नीरज तिवारी**, सिटी कोऑर्डिनेटर सीबीएसई परीक्षा

## बैंक पेंशनर्स को बकाया भुगतान का आश्वासन

**रामपुर, अमृत विचारः** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में स्टाफ पेंशनर्स की समस्याओं के समाधान के लिए बैठक हुई। इस मौके पर स्टेट बैंक पेंशनर्स एसोसिएशन के जिला सचिव राम अवतार गुप्ता ने पेंशनर्स की लंबे समय से पेंडिंग एरियर का लगभग 4 माह से विलंबित भुगतान की समस्या रखी। बैठक में क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने समस्याओं का निराकरण कराए जाने का आश्वासन दिया। सभा के अंत में आरए गुप्ता ने सभी उपस्थित पेंशनर्स का आभार व्यक्त जताया। क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा पेंशनर्स की समस्याओं पर त्वरित कार्रवाई के लिए पेंशनर्स ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय प्रबंधक प्रभात कुमार ने जबकि, संचालन क्षेत्रीय कार्यालय के मानव संसाधन प्रबंधक मनोज कुमार ने किया।

## अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशानुसार जनपद में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ निरंतर अभियान जारी है। बुधवार को शिकायत मिलने पर तहसील शाहबाद के थाना पटवाई क्षेत्रान्तर्गत ग्राम पटवाई एवं ग्राम नरखेड़ा में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई।

अवैध प्लाटिंग किए जाने की शिकायत प्राप्त होने पर राजस्व विभाग, स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम द्वारा मौके पर जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि ग्राम पटवाई स्थित तीन बीघा जमीन में इरशाद पुत्र गफूर द्वारा जिला पंचायत से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी। उक्त अवैध निर्माण एवं प्लाटिंग को तत्काल प्रभाव से जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त कराया गया। इसी क्रम में ग्राम नरखेड़ा में भी अवैध प्लाटिंग के मामलों पर कार्रवाई की गई। जांच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि 1 एकड़ में सदाकत पुत्र शमशार तथा लगभग एक चौथाई एकड़ में फरीद पुत्र रफीक द्वारा बिना सक्षम प्राधिकारी से मानचित्र स्वीकृत कराए एवं नियमों का उल्लंघन करते हुए अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्रशासन द्वारा दोनों स्थानों पर की जा रही अवैध प्लाटिंग को जेसीबी मशीन के माध्यम से ध्वस्त करा दिया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण अथवा भूमि उपयोग नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर तत्काल कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।



अवैध प्लाटिंग को हटाती जेसीबी ● अमृत विचार

● **डीएम के निर्देश पर की गई कार्रवाई, जेसीबी चलने से मचा रहा हड़कंप**

# खाटू श्याम की कराई स्थापना, प्रसाद वितरित किया


मंदिर में स्थापित खाटू श्याम की प्रतिमा।

**ढकिया, अमृत विचार :** कस्बा ढकिया में राजस्थान खाटू श्याम से प्रतिमा लाई गई थी। बुधवार को खाटू श्याम की प्रतिमा की पूजा अर्चना करने के बाद विधि विधान से स्थापना कराई गई। इस दौरान भजन कीर्तन करने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया। खाटू श्याम की प्रतिमा स्थापना के दौरान संजीव माहेश्वरी व उनकी पत्नि कुसुम देवी ने पूजा अर्चना में विशेष सहयोग प्रदान किया। इस मौके पर बादल माहेश्वरी, वंश माहेश्वरी, काजल, हरिओम माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी आदि ने भी विधि विधान से पूजा अर्चना में भाग लिया।

# रमजान मुबारक, नजर आया चांद

## रोजा आज, गरीबों और मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है रमजान


जामा मस्जिद से रमजान उल मुबारक का चांद देखते लोग। ● अमृत विचार


माहे रमजान का चांद होने के बारे में लोगों को जानकारी देते उलमा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** रमजान मुबारक। बुधवार की शाम माहे रमजान का चांद नजर आ गया लोगों ने व्हाट्सएप और फोन पर एक-दूसरे को मुकद्दस रमजान की मुबारकबाद पेश की। शहर की जामा मस्जिद से काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने चांद होने का ऐलान किया। जामा मस्जिद में 8:15 बजे तरावीह की नमाज अदा की गई।

माहे रमजान गरीबों और मुस्तहिक लोगों की मदद करने का महीना है। जब अल्लाह की राह में देने की बात आती है तो कंजूसी नहीं करना चाहिए। अल्लाह की राह में खर्च करना अफजल है। गरीब चाहे वह अन्य धर्म के क्यों न हो, उनकी मदद करने की शिक्षा दी गयी है। दूसरों के काम आना भी एक इबादत है। रोजा हमें जब्ते नफ्स (खुद पर काबू रखने) की तरबियत देता है। हममें परहेजगारी पैदा करता है। लेकिन अब जैसे ही माहे रमजान आने वाला होता है, लोगों के जहन में तरह-तरह के चटपटे और मजेदार खाने का तसव्वुर आ जाता है जबकि, गरीबों की भूख और प्यास का तसव्वुर होना चाहिए। रमजान उल मुबारक में की गई नेकियों का अल्लाह सत्तर गुना ज्यादा सवाब देता है। रमजान का महीना गरीब और जरूरतमंद बंदों के साथ हमदर्दी का है। रोजादार को इफ्तार कराने वाले के गुनाह माफ हो जाते हैं। मुकद्दस रमजान में कुरान मजीद नाजिल हुआ।

### चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में हुई तरावीह

रमजान उल मुबारक का चांद नजर आने के बाद मस्जिदों में तरावीह शुरू हो गई। सहरी खाकर रोजा रखा जाएगा। तरावीह की नमाज में भी कुरआन मजीद सुना और सुनाया जाता है। किन्हीं कारणों से जो लोग कुरआन मजीद नहीं पढ़ सके हैं तरावीह के दौरान कुरान पढ़ लेते हैं। रमजान शरीफ के आखिरी दस दिनों के दौरान विषम संख्या वाली रात को पवित्र रात लैलातुल कद्र होती है।

### बोले -काजी ए शहर

काजी ए शहर सैयद खुशनूद मियां ने बताया कि जकात, सदका, फितरा, खैरात, गरीबों की मदद, दोस्त अहबाब में जो जरूरतमंद हैं उनकी मदद करना जरूरी समझा और माना जाता है। अपनी जरूरीयात को कम करना और दूसरों की जरूरीयात को पूरा करना अपने गुनाहों को कम और नेकियों को ज्यादा कर देता है। माहे रमजान में गरीबों, मुस्तहीकों की ज्यादा से ज्यादा मदद करें अल्लाह की रहमत बरसेगी।

# किशोरी के अपहरण के मामले में पुलिस ने दर्ज नहीं की रिपोर्ट

**रामपुर, अमृत विचारः** अपना दल कमेरावादी के प्रतिनिधि मंडल ने मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा के नेतृत्व में डीआईजी मुरादाबाद को ज्ञापन सौंपा। थाना केमरी अंतर्गत एक गांव निवासी किशोरी का अपहरण करने के मामले में रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की है।

किशोरी के परिजनों का आरोप है कि 20 जनवरी 2026 की रात करीब 12 बजे थाना भोट के ग्राम मोहन की मढ़ैयान निवासी एक युवक अपने साथियों के साथ मोटरसाइकिल पर जबरन बैठा कर ले गया था। नाबालिग बेटी के पिता ने बताया कि उन्होंने एसओ केमरी को कई बार प्रार्थना पत्र दिया, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। मंडल अध्यक्ष डॉ. रामेश्वर दयाल तुरैहा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तीन दिन में रिपोर्ट दर्ज नहीं होती तो मामले में एडीजी बरेली से मिलेंगे। ज्ञापन देने वालों मे ठाकुर मंजु राठौर, धर्मेंद्र कश्यप, राकेश श्रीवास्तव, आंचल कश्यप, डॉ. कृपाल सिंह तुरैहा, रामसुमर कश्यप, उत्तम तुरैहा आदि मौजूद रहे।

# एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस से मिले नवेद मियां

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने एस्टोनिया के राष्ट्रपति से अलार कारिस से मुलाकात की। वो नई दिल्ली में आयोजित इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में शामिल होने भारत आए हैं।

भारत में एस्टोनिया के राजदूत मार्जे लूप द्वारा नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां को भी आमंत्रित किया गया था। एस्टोनिया के राष्ट्रपति से और नवेद मियां के बीच विभिन्न विषयों पर बातचीत हुई। उन्होंने भारत आगमन पर राष्ट्रपति का स्वागत किया। नवेद मियां ने बताया कि एस्टोनिया के राष्ट्रपति श्री अलार कारिस मंगलवार को नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने नई दिल्ली में एस्टोनियाई राजदूत द्वारा आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में शिरकत की। यात्रा के दौरान वे डिजिटल गवर्नेंस, ग्रीन टेक्नोलॉजी और एआई नवाचार के क्षेत्रों में द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने भारत की संस्कृति की प्रशंसा की और एस्टोनिया की नई एआई शिक्षा पहल के माध्यम से सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। नवेद मियां ने बताया कि अलार कारिस 2021 से एस्टोनिया के छठे राष्ट्रपति के रूप में कार्य कर रहे हैं।


नई दिल्ली में एस्टोनिया के राष्ट्रपति से मुलाकात करते पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां।

● डिजिटल गवर्नेंस, ग्रीन टेक्नोलॉजी और एआई नवाचार क्षेत्र में काम करेंगे दोनों देश

# मंडलीय क्रीड़ा रैली में बच्चों ने झटके 30 पदक

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** संभल के चंदौसी के एसएमएस डिग्री कॉलेज में आयोजित मंडलीय क्रीड़ा एवं शैक्षिक प्रतियोगिता में रामपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर 15 व्यक्तिगत स्वर्ण और 10 रजत व कांस्य पदक जीते। जिले का छात्र अर्जुन कंपोजिट विद्यालय नानकर मिलक चैंपियन बना।

कंपोजिट विद्यालय जहांगीरपुर स्वार की आलिया खान ने प्राथमिक स्तर पर अपने संवर्ग में तीन स्वर्ण पदक झटके। इसके अलावा समीर कंपोजिट विद्यालय समोदिया ने भी दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर जिले का मान बढ़ाया। कंपोजिट अलीपुर ठेका बिलासपुर की मुशरिफा ने गोला फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण प्राप्त किया। अनु यादव कंपोजिट विद्यालय करखेड़ा स्वार ने चक्का फेंक प्रतियोगिता में स्वर्ण प्राप्त किया। रिले रेस में जिले की टीम द्वितीय स्थान पर रही। ब्यूटी प्रदर्शन में पिछले साल का रिकॉर्ड कायम रखते हुए उच्च प्राथमिक विद्यालय हरियल चमरोआ की टीम मंडल विजेता बनी। क्रिकेट बालिका वर्ग में स्वार की टीम विजेता बनी। कबड्डी बालिका वर्ग में रजत पदक हासिल किया। लंबी कूद एवं ऊंची कूद में बालिकाओं ने रजत पदक प्राप्त किया।

जिले के प्रतिभावान बालक-बालिकाओं ने व्यक्तिगत स्पर्धा में 15 स्वर्ण पदक और 10 रजत 5 कांस्य पदक अपने नाम किए। जबकि टीम इवेंट में पीटी, विशेष प्रदर्शन, क्रिकेट बालिका वर्ग में पदक जीते। अशोक कुमार खंड शिक्षा अधिकारी शाहाबाद, जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां, अनीशा लतीफ ब्लॉक व्यायाम शिक्षक, सुखलाल सिंह, वीर सिंह, महेंद्र सिंह, फजल अफाक व्यायाम शिक्षक, भुजवीर सिंह, पंकज कुमार, नितिन राजपूत, राकेश विश्वकर्मा, शैलेंद्र कुमार, गोविंद नारायण, गौरव त्यागी, तहसीन आलम खान, आनंद भंडारी, शगुन गुप्ता, राकेश कुमार शबनम आदि मौजूद रहे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी ने विजेताओं को शुभकामनाएं दी।

उन्होंने आशा जताई कि रामपुर के होनहार बच्चे होली बाद होने वाली राज्य क्रीड़ा प्रतियोगिताओ मे जनपद एवं मंडल का नाम रोशन करेंगे।


मंडलीय प्रतियोगिता के दौरान रामपुर के छात्रों के साथ पीटीआई सलीम मियां।

● संभल के चंदौसी के एसएमएस डिग्री कॉलेज में हुई मंडलीय प्रतियोगिता

# किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए ट्रायल 19 अप्रैल को

**रामपुर, अमृत विचारः** इंडिया किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन और वर्ल्ड किक बॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन की देखरेख में जून और जुलाई महीने में प्रस्तावित 7वीं साउथ एशिया किक बॉक्सिंग चैंपियनशिप भारत में होगी। इंडिया किकबॉक्सिंग ऑर्गेनाइजेशन के महासचिव मनोज कुमार पटेल ने बताया कि साउथ एशिया से जुड़े सभी देश के खिलाड़ी प्रतिभाग करने के लिए भारत आएंगे। रामपुर जिला किकबॉक्सिंग एसोसिएशन सचिव प्रेम सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता की तैयारी नेशनल फेडरेशन के द्वारा भारतीय टीम का तीन चरणों में खिलाड़ियों का ट्रायल और चयन प्रक्रिया को किया जा रहा है। पहले चरण बीते सहारनपुर में आयोजित राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में पदक प्राप्त किए हुए खिलाड़ी ट्रायल देने योग्य होंगे।

# सागर बने आईसीएआई मुरादाबाद के चेयरमैन

कार्यालय संवाददाता रामपुर

**अमृत विचारः** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की मुरादाबाद शाखा में आयोजित बैठक में वर्ष 2026-27 के लिए नई प्रबंध समिति का गठन किया गया। सर्वसम्मति से रामपुर के सीए सागर अग्रवाल को शाखा का नया चेयरमैन चुना गया। नई कार्यकारिणी में सीए परिमल अग्रवाल को वाइस-चेयरमैन, सीए वली उर रहमान को सचिव, सीए मनमीत कौर खनुजा को कोषाध्यक्ष, सीए निशांत देओल को सीकासा चेयरमैन तथा सीए दिव्यांशु अग्रवाल को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व सौंपा गया। नवनिर्वाचित चेयरमैन सीए सागर अग्रवाल ने सदस्यों का आभार व्यक्त किया।


रामपुर के सीए सागर अग्रवाल (बांए से तीसरे नंबर पर) ● अमृत विचार


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, मुरादाबाद परिमण्डल-मुरादाबाद।**

पत्रांक 983 /ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्राली/पत्रावली सं0- 51/बाण्ड क्लर्क/2025-26 दिनांक 07.02.2026

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल मुरादाबाद के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए, बी एवं सी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा दे सकता है।

1- कार्य से सम्बन्धित विवरण निम्नवत् हैं-

| क्र0 सं0 | जनपद | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 सहित) (लाख में) | बिड सिक्योरिटी (इ0एम0डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य अथवा निविदा फीस जी. एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो ) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षा ऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरादाबाद | विकास खण्ड बिलारी में बी0आर0सी0 सेन्टर का निर्माण कार्य। | 62.50 | 1.25 | 2354.00 | 01 वर्ष |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः- 21.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः- 21.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से।
4. प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः- 23.02.2026 को प्रातः 11.00 बजे से।
5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय 21.02.2026 को प्रातः 10.00 बजे से।
6. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय 17.03.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
7. ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 17.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा।
9. निविदा ऑन-लाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
10. उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत कार्य उपयोगिता स्तर तक कराया जायेगा।
11. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-10 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।
अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेंट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड समिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली-भांति पढ ले।

(विनय कुमार) अधीक्षण अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग परिमण्डल-मुरादाबाद।
श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से।

UP-246372 दिनांक 17.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# मैथ्स ओलंपियाड के विजेताओं को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचारः** ग्रीनवुड स्कूल में बुधवार को रामपुर सहोदया मैथ्स ओलंपियाड का परिणाम घोषित हो गया। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। प्रतियोगिता में जिले के 10 स्कूलों से 1200 बच्चों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता 25 जनवरी को ग्रीनवुड स्कूल में हुई थी। बुधवार को गणित ओलंपियाड के विजेताओं को पुरस्कार वितरण समारोह हुआ। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी, प्रमाण-पत्र एवं स्मृति-चिन्ह दिए गए। ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान, जॉइंट डायरेक्टर समीना खान, प्रधानाचार्य नीरज तिवारी, उप प्रधानाचार्य शकील अहमद, और हेडमिस्ट्रेस परवीन खान ने विजयी बच्चों को पुरस्कार वितरित किए। ग्रीनवुड स्कूल के डायरेक्टर शाहिद खान तथा प्रधानाचार्य नीरज तिवारी ने विचार व्यक्त किए। अंत में रामपुर सहोदया मैथ्स ओलंपियाड के कोऑर्डिनेटर और ग्रीनवुड स्कूल के उप प्रधानाचार्य शकील अहमद ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान एहतेराम अली, शिल्पी अरोड़ा, फिरोज हैदर, मोहम्मद नाजिम, मोहम्मद सादिक, शादाब खान, उबैद खान, मुदित शर्मा, मनदीप सिंह आदि मौजूद रहे।



मैथ्स ओलंपियाड के विजेता छात्र-छात्राएं, प्रधानाचार्य व स्कूल स्टॉफ। ● अमृत विचार

● 10 स्कूलों के 1200 बच्चों ने किया था प्रतियोगिता में प्रतिभाग

# मंडल के विजेता छात्रों को किया गया सम्मानित


विजेता छात्र अर्जुन को साइकिल भेंट के दौरान बीईओ मिलक और स्कूल स्टाफ। ● अमृत विचार

**रामपुर, अमृत विचारः** ब्लॉक मिलक के तहत कंपोजिट विद्यालय नानकार में बुधवार को सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। खंड शिक्षा अधिकारी मिलक बबीता सिंह ने मंडल चैंपियन अर्जुन और अन्य विजेता छात्रों को सम्मानित किया। बीईओ ने टीम इंचार्ज गोविंद नारायण व स्टाफ की सराहना की। उन्होंने अर्जुन को सम्मान स्वरूप साइकिल भेंट की। मंडलीय प्रतियोगिता में अर्जुन 200 मी., 400 मी. और 600 मी. दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर मंडल व्यक्तिगत चैंपियन बने। वंश यादव कुश्ती में प्रथम स्थान, सानिया कुश्ती में प्रथम स्थान, सलोनी कुश्ती में प्रथम स्थान रहे। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान महावीर, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक महेंद्र कुमार, एआरपी पृथ्वी सिंह, सुशील गुप्ता, पंकज कुमार, रोहित शर्मा, सचिन पांडे, प्रभाकर गौतम, मीडिया प्रभारी सैयद आफाक हुसैन सहित विद्यालय स्टाफ मौजूद रहा।

# फर्राटा दौड़ में कशिश यादव और रंजीत कुमार ने मारी बाजी

संवाददाता बिलासपुर

**अमृत विचारः** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में दो दिवसीय 29वें वार्षिक क्रीडा समारोह का धूमधाम के साथ आयोजन किया गया। फर्राटा दौड़ में कशिश यादव और रंजीत कुमार ने मारी बाजी। जबकि अन्य स्पर्धाओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया।

बुधवार को महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा समारोह के पहले दिन विभिन्न खेलों का आयोजन हुआ। 100 मी. फर्राटा दौड़ छात्रा वर्ग में कशिश यादव ने प्रथम, प्राची कुमारी ने द्वितीय तथा सीमा कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर दौड़ छात्रा वर्ग में कशिश यादव प्रथम स्थान पर रही। 800 मीटर दौड में नीलम ने पहला स्थान प्राप्त किया। लम्बी कूद छात्रा वर्ग में कशिश यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। भाला फेंक में गीता प्रथम रहीं। डिस्कस प्रक्षेप छात्रा वर्ग में कशिश यादव प्रथम स्थान प्राप्त किया। सौ मीटर दौड़ छात्र वर्ग में रंजीत कुमार ने पहला, दो सौ मीटर दौड़ छात्र वर्ग में प्रसन्नजीत ने प्रथम, 800 मीटर दौड़ छात्र वर्ग में मंगली प्रथमस्थान पाया। लम्बी कूद में मोनू प्रथम और भाला फेंक में विशाल यादव प्रथम स्थान पर रहे। वहीं डिस्कस थ्रो में विशाल यादव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नीलिमा सिंह ने संयुक्त रूप से आसमान में गुब्बारे छोड़कर तथा कबूतर उड़ाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

बाद में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। क्रीड़ा प्रभारी डॉ. नीलिमा सिंह ने दो दिवसीय क्रीड़ा समारोह की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। इस मौके पर प्रोफेसर विवेक तिवारी, डॉ. हर्षवर्द्धन मिश्र, डॉ. नीलम मौर्य, डॉ. अवतार दीक्षित, डॉ. दिव्यांशु कुमार सिंह, डॉ. संघरतन सिंह, डॉ. अरविन्द उपाध्याय, डॉ. शिल्पा राठी, डॉ. पंकज गंभीर कुमार आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिवओम शर्मा ने किया।



प्रतियोगिता शुभारंभ करते ब्लाक प्रमुख औलख, प्राचार्य डॉ. नीत बिहारी लाल।


बिलासपुर के डिग्री कालेज में दौड़ प्रतियोगिता में हिस्सा लेते छात्र।

● श्री गुरु तेग बहादुर साहिब राजकीय महाविद्यालय में क्रीड़ा का हुआ शुभारंभ


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद**

**ई-निविदा सूचना**

पत्रांकः-903 /ई-निविदा-मु0वृत्त/25-26 दिनांक :- 07.02.2026

1 महामहिम, राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0 मुरादाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन निविदायें वेबसाइट http://etender.up.nic.in एवं प्रहरी http://wms.uppwd.gov.in/Prahari के माध्यम से आथराइज्ड रजिस्टर्ड निविदादाताओं से दिनांक 25.02.2026 प्रातः 10 बजे से 10.03.2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा की प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष मे उपस्थित/अधिकृत रजिस्टर्ड फर्म के प्रतिनिधियों के समक्ष गठित समिति के सदस्यों द्वारा ऑनलाइन खोली जायेगी। टेक्निकल बिड में क्वालिफाई पाये गये ठेकेदारों की फाईनेंशियल बिड खोले जाने के दिनांक व समय हेतु पृथक से सूचना इस कार्यालय द्वारा जारी की जायेगी। कॉलम 5 तथा 7 में दर्शायी गयी धनराशि E-Tender Portal पर Net Banking के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा। कार्यालय बन्द होने अथवा छुट्टी होने की दशा में प्री-क्वालिफिकेशन/टैक्नीकल बिड उसी क्रम एवं समयानुसार अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्यो का विवरण निम्नवत है-

| क्रसं | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा काल सहित) | निविदा प्रपत्र का मूल्य स्टेशनरी व जी0एस0टी सहित रू0 में |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| वित्तीय वर्ष 2025-26 में अत्याधिक वर्षा होने के कारण जनपद के मार्ग अत्यन्त क्षतिग्रस्त हो गये है जिस कारण स्वीकृति की प्रत्याशा में निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। | | | | | | |
| 1 | मुरादाबाद | कुन्दरकी (एन0एच0-509) से जलालपुर धर्मपुर कला सिहाली माला होते हुए बिलारी डारनी जंक्शन तक सम्पर्क मार्ग (अन्य जिला मार्ग) चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण का कार्य। | 1834.30 | 30.00 | 12 माह | 2354.00 |

निविदा के नियम/शर्तें और विवरण वेबसाइट http://etender-up-nic.पद पर उपलब्ध हैं। शासनादेश सं-879(1)/23-7-2020 दिनांक 25-08-2020 एंव प्रमुख अभियन्ता (विकास) एंव विभागाध्यक्ष के पत्रांक-4650/ 4एन-एल0सी0/2020 दिनांक 27.08.2020 के अनुरूप निविदादाता को प्रहरी यू0आर0एल0 http://wms.uppwd.gov.in/prahari/ पर लॉग इन कर आवश्यक अभिलेख अपलोड करने होगें।

अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0,
मुरादाबाद।

(एस0पी0 सिंह)
अधीक्षण अभियन्ता,
मुरादाबाद वृत्त, लो0नि0वि0, मुरादाबाद।
(महामहिम राज्यपाल की ओर से)
ई-मेल : semoradabad14@yahoo.com

UP-246415 दिनांक 17.02.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

## खंभे से टकराई बाइक, युवक की मौत

**बिजनौर, अमृत विचार :** चचेरी बहन की शादी के कार्ड बांट कर घर लौट रहे युवक की बाइक खंभे से टकरा गई।

हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी घायल हो गए। बिजनौर के गांव आलमपुर उर्फ गंगावाला निवासी विवेक उर्फ विक्की (22) पुत्र राजपाल सिंह अपने चचेरे भाई अतुल पुत्र योगेंद्र और रिश्तेदार मोहित पुत्र नरेश गंभीर के साथ चचेरी बहन की शादी के कार्ड बांटने के लिए गया था। गुरुवार को बरात आनी थी। कार्ड बांटकर वापस आते वक्त मंडावर-किरतपुर रोड पर गांव रतनपुर के पास उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और एक बिजली के खंभे से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि विवेक उर्फ विक्की की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि अतुल और मोहित गंभीर रूप से घायल हो गए। मंडावर थाना अध्यक्ष सुमित राठी ने बताया कि परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्यवाही से इनकार कर दिया। इसके बाद, पुलिस ने शव का पंचायतनामा कर उसे परिजनों को सौंप दिया। घायलों का इलाज जारी है। युवक की मौत से परिजनों का रो रोकर बुराहाल है। वहीं शादी की खुशियां भी मातम में बदल गईं।

# कड़ी सुरक्षा के बीच हुआ यूपी बोर्ड परीक्षा का पहला पेपर

## केंद्रों पर मौजूद रही पुलिस, उड़न दस्ता की टीमें लगातार केंद्रों पर करती रहीं भ्रमण, तलाशी के बाद ही परीक्षार्थियों को दिया प्रवेश

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जिले के 68 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई। परीक्षा केंद्र में प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। बोर्ड परीक्षा को नकलविहीन संपन्न करने के लिए सुबह से पुलिस प्रशासन व विभागीय अफसर अलर्ट रहे। सचल दल केदो का दौरा करते नजर आए। कंट्रोल रूम से भी परीक्षा पर नजर रखी गई थी। हाईस्कूल में 1332 परीक्षार्थी तो इंटरमीडिएट 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

जिले में 68 परीक्षा केंद्रों पर 51277 छात्र छात्राएं बोर्ड परीक्षा पंजीकृत हुए थे। बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल हिंदी प्रश्न पत्र की परीक्षा अपने निर्धारित समय से प्रारंभ हुई। सुबह 7 बजे के बाद से छात्राएं केंद्रों पर पहुंचना शुरू हो गए थे। छात्र-छात्राओं को परीक्षा शुरू होने से 20 मिनट पहले केंद्र में प्रवेश दिया गया। कॉलेज में प्रवेश से पहले छात्र-छात्राओं की तलाशी ली गई। प्रवेश पत्र आदि चेक किए गए। जोनल व सेक्टर में स्टेट परीक्षा केंद्रों का दौरा करते नजर आए। परीक्षा शुरू होते



परीक्षा केंद्र पर तलाशी के लिए लाइन में लगे परीक्षार्थी। ● अमृत विचार



श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज गेट पर लगी छात्रों की भीड़। ● अमृत विचार

● **हाईस्कूल के 1332 तो इंटर के 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे**

ही सचल दल भी अलर्ट हो गए। सभी केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। सुबह से ही पुलिस कुर्मी परीक्षा केंद्रों के बाहर सुरक्षा में मुस्तैद दिखाई दिए। जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा शुरू हो गई थी। किसी भी केंद्र से कोई शिकायत नहीं मिली है। जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि पहली पाली में हाई स्कूल हिंदी की परीक्षा आयोजित की गई जिसमे कल परीक्षार्थी 26519 पंजीकृत थे। जबकि 25187 परीक्षार्थियों ही उपस्थित रहे। 1332 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि दूसरी पाली में इंटर की परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें सामान्य हिंदी की परीक्षा में कल 23231 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इसमें से 22186 परीक्षार्थी उपस्थित रहे। 1045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिले के सभी 68 परीक्षा केंद्रों की निगरानी कंट्रोल रूम से की गई। परीक्षा केंद्रों का सचल दल द्वारा बराबर निरीक्षण किया गया। सेक्टर वह जोनल मजिस्ट्रेट भी परीक्षा केंद्रों का बराबर निरीक्षण करते रहे। जिला अधिकारी निधि गुप्ता और पुलिस अधीक्षक अमित आनंद ने भी परीक्षा केंद्रों पर जाकर परीक्षा का जायजा लिया। दोनों पोलियो में परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई।

### हिंदी का सरल पेपर देख खिले परीक्षार्थियों के चेहरे

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हो गई हैं। परीक्षा के पहले दिन सुबह की पाली में हाईस्कूल के परीक्षार्थियों में भारी उत्साह देखने को मिला। नगर के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज सहित क्षेत्र के अन्य प्रमुख केंद्रों पर सुबह 8:30 बजे की परीक्षा के लिए छात्र-छात्राएं काफी समय पहले ही कतारों में खड़े नजर आए। परीक्षा केंद्र स्टाफ द्वारा सघन चेकिंग के बाद ही परीक्षार्थियों को प्रवेश दिया गया। इसके अलावा राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, आदर्श इंटर कॉलेज कुटी दौलतपुर, सरदार पटेल इंटर कॉलेज जेबडा, राजवती देवी इंटर कॉलेज बुरावली, किसान इंटर कॉलेज ताहरपुर और प्रकाशवीर इंटर कॉलेज रहरा में भी परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से शुरू हुई। प्रशासन द्वारा नकलविहीन परीक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए गए हैं।

### परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण

परीक्षा को लेकर एसडीएम व सीओ ने निरीक्षण किया। हाई स्कूल एवं इंटर मीडिएट परीक्षा प्रथम पाली का निरीक्षण किया। यहां पर विद्यालय के प्रधानाचार्य को शांतिपूर्ण पारदर्शी नकल विहीन शुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के निर्देश दिए। कहा कि परीक्षा में कोई भी लापरवाही संज्ञान में आती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा का जो निर्धारित समय है उस निर्धारित समय में ही सम्पूर्ण प्रक्रिया कर ली जाए। परीक्षा के संबंध में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों का पूरी तरह से पालन किया जाए। इस अवसर पर संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य कक्ष निरीक्षक सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं ने कहा, सरल था पेपर

**गजरौला, अमृत विचार** : यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा बुधवार को प्रारंभ हो गई है। यूपी बोर्ड हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा का हिंदी प्रश्नपत्र आसान आने पर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिले रहे। परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राएं खुश नजर आई। उनसे प्रश्नपत्र के बारे में बात की गई तो सभी परीक्षा में अच्छे नंबर आने को लेकर आश्वस्त नजर आए। परीक्षा देकर आए परीक्षार्थियों ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र आसान आया है। सभी प्रश्नों को हल किया है। उम्मीद है कि अच्छे नंबर मिलेंगे। छात्र रोहित ने बताया कि प्रश्नपत्र आसान था और उसे हल करने में उन्हें कोई मुश्किल नहीं हुई। सभी प्रश्नों को हल किया। उम्मीद है कि 60 अंक आ जाएंगे। वहीं, शिवम ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र अच्छा ही नहीं बेहतरीन आया है। प्रश्न को हल करने में कठिनाई नहीं हुई। प्रश्नपत्र में जो भी सवाल आए, वे सब याद किए हुए थे। उम्मीद है कि 65 अंक तक आएंगे। छात्रा गीता ने बताया कि कि जब वह परीक्षा देने पहुंची तो उसके मन में यह डर सा बना था कि पता नहीं प्रश्नपत्र कैसा आएगा, लेकिन जब प्रश्नपत्र पढ़ा तो मन खुश हो गया। छात्रा मुस्कान ने बताया कि हिंदी का प्रश्नपत्र उम्मीद से भी ज्यादा आसान रहा है। उन्हें तो उम्मीद नहीं थी कि इतना आसान प्रश्नपत्र रहेगा। इसी तरह छात्रा आरती, संगीता, सरस्वती, कौशर आदि ने भी प्रश्नपत्र आसान आने पर खुश नजर आई।

# लगातार हो रहीं चोरियों से नाराज भाकियू अंबेडकर ने किया प्रदर्शन



थाने गेट पर प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

● **थाने में प्रदर्शन के दौरान भाकियू अंबेडकर के दर्जनों कार्यकर्ता रहे मौजूद**

**अमृत विचार :** नगर पंचायत उझारी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती चोरी की वारदातों से आक्रोशित भारतीय किसान यूनियन बीआर अंबेडकर के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को थाना सैदनगली का घेराव किया।

प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. दिग्विजय सिंह भाटी ने कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए। कहा कि क्षेत्र में लगातार तीन-चार चोरियां हो चुकी हैं, जिसमें 12 फरवरी को उझारी में हुई चोरी का अब तक खुलासा नहीं हुआ है। पीड़ित किसान पहले नगर के भाकियू कार्यालय पर एकत्र हुए, जिसके बाद यूनियन ने थाने का घेराव किया। मौके पर पहुंचे उपजिला अधिकारी व क्षेत्र अधिकारी ने किसानों को समझाते हुए जल्द खुलासे और क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने का लिखित आश्वासन दिया। डॉ. दिग्विजय भाटी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि जल्द कार्यवाही नहीं हुई, तो संगठन अमरोहा कलेक्ट्रेट पर विशाल धरना प्रदर्शन करेगा। प्रदर्शन करने वालों में डॉ. योगेन्द्र, अतीक अहमद, सैफ अली, मिंटू, सारिक, सतवीर, मंथन, सोनू, सुबे सिंह और देवेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ओवरलोड गन्ने के वाहनों से संभल अड्डे पर लगा जाम

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर स्थित संभल अड्डे पर ओवरलोड गन्ने की ट्रालियों और ट्रकों के कारण लग रहा लंबा जाम आमजन के लिए मुसीबत बन गया है। बुधवार दोपहर को ओवर लोड वाहनों की वजह से जाम लग गया। वहीं स्कूल से लौट रहे मासूम बच्चों को घंटों जाम में फंसकर भारी परेशानी झेलनी पड़ी।

स्थानीय निवासी मुकेश गुप्ता ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि अमन कमेटी की कई बैठकों में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया। लेकिन आज तक कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। नगर के व्यवसायी सचिन गुप्ता ने आक्रोश जताते हुए कहा कि नगर के भीतर ई-रिक्शा की अव्यवस्था से लोग पहले ही त्रस्त हैं, और अब बाईपास पर गन्ना ढो रहे भारी वाहनों ने स्थिति को और बिगाड़ दिया है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि ओवरलोड वाहनों के आवागमन और जाम के स्थाई समाधान के लिए उचित कदम नहीं उठाए गए, तो क्षेत्रवासी आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।



संभल मार्ग पर लगा जाम। ● अमृत विचार

# चेयरमैन पति नदीम अब्बास जैदी का प्रवेश वर्जित के लगाए पोस्टर

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** नगर पंचायत नौगांवा सादात में राजनीतिक मामलाा गहरा गया है। यहां पर ईओ सलिल भारद्वाज ने चैयरमेन पति और पूर्व चेयरमैन नदीम अब्बास जैदी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले 'प्रवेश वर्जित' पोस्टर लगाए हैं। कार्यालय में पोस्टर लगते ही मामला चर्चा का विषय बन गया। इससे साफ जाहिर होता है कि चेयरमैन और ईओ के बीच प्रशासनिक और राजनीतिक तकरार चल रही है।

बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में चेयरमैन और वर्तमान स्वच्छता प्रेरक नदीम अब्बास जैदी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने वाले 'प्रवेश वर्जित' पोस्टर लगाए गए। इन पोस्टरों को मौजूदा सभासदों द्वारा लगाए जाने का एक वीडियो भी सामने आया है, जिससे मामला और तूल पकड़ गया है। घटना के




नगर पंचायत कार्यालय में लगे पोस्टर।

बाद स्थानीय राजनीति में हलचल तेज हो गई। पोस्टर लगने के बाद नदीम अब्बास जैदी ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि वह पूरे घटनाक्रम की शिकायत जिलाधिकारी से करेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी छवि खराब करने तथा उन्हें राजनीतिक रूप से निशाना बनाने की साजिश रची जा रही है। वहीं इस मामले में नगर पंचायत नौगांवा सादात के ईओ सलिल भारद्वाज ने कहा कि ये पोस्टर उनके निर्देश पर

● **ईओ और चेयरमैन पति के बीच बढ़ी राजनीतिक तकरार**

लगाए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि चेयरमैन सहित कई लोगों द्वारा नगर पंचायत के कार्यों में अत्यधिक हस्तक्षेप किया जा रहा था। रोकने के बावजूद नदीम अब्बास जैदी का हस्तक्षेप लगातार जारी रहा, जिससे प्रशासनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों पर दबाव बनाया जाता था और उन्हें विभिन्न प्रकार की धमकियां भी मिलती थीं। कहा कि चेयरमैन सुबीना जैदी खुद कार्यालय नहीं आती है। पत्रावलों पर भी हस्ताक्षर करने में टालमटोल की जाती है। सलिल भारद्वाज ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर पंचायत अध्यक्ष को स्वयं कार्यालय आकर फाइलों पर हस्ताक्षर करने चाहिए। किसी भी प्रकार का बाहरी हस्तक्षेप स्वीकार नहीं किया जाएगा।

# जरौला-तिगरी मार्ग पर मिला महिला का शव

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** गजरौला-तिगरी मार्ग पर बुधवार सुबह सड़क किनारे एक महिला का शव पड़ा मिला। शिनाख्त गांव मोहरका पट्टी निवासी 35 वर्षीय शाहीन पत्नी इस्लामुद्दीन के रूप में हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने हादसे में मौत होने का अंदेशा जताते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वहीं परिजनों के मुताबिक महिला दिमागी रूप से कमजोर थी।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी निवासी 35 वर्षीय शाहीन पति इस्लामुद्दीन दिमागी रूप से कमजोर थी। वह अकेले ही घर से निकल जाती थी। बताया जा रहा है कि बुधवार सुबह शाहीन किसी समय घर से निकल गई। इसके बाद वह गांव शाहपुर बुजुर्ग के पास पहुंची। बाद में गांव के पास ही उसका शव सड़क किनारे पड़ा मिला। जानकारी पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पुलिस भी मौके पहुंच गई। शव की शिनाख्त कराने के बाद परिजनों को सूचना दी। मृतका के परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने महिला के दिमागी रूप से कमजोर होने की बात कही। वहीं पुलिस ने किसी वाहन की टक्कर से हादसा होने की आशंका जताई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर आगे पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

# विधायक ने सदन में रखीं क्षेत्र के समग्र विकास की प्रमुख मांगें

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचार :** विधानसभा के बजट सत्र में धनौरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजीव तरारा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना का आभार व्यक्त किया। विधायक ने सदन में बजट का पूर्ण समर्थन करते हुए धनौरा विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों को रखा।

उन्होंने क्षेत्र की जनसमस्याओं, आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं धार्मिक पर्यटन से संबंधित विषयों को प्रमुखता से उठाया। विधायक सदन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2017 से अब तक कराए गए विकास कार्य गिनाए। उन्होंने कहा कि सरकार जनहित में उनकी



विधानसभा में बोलते विधायक राजीव तरारा। ● अमृत विचार

मांगों पर सकारात्मक निर्णय लेकर धनौरा विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का कार्य करेगी। क्षेत्र के प्रत्येक वर्ग किसान, युवा, व्यापारी, महिला एवं श्रमिक की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। विधायक ने सदन में 11 विकास कार्यों की मंजरी की मांग रखी। इसमें जनपद अमरोहा में मेडिकल कॉलेज, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में एम्स की स्थापना, अधिवक्ताओं के चेंबर के पक्के निर्माण की मांग समेत अन्य मुख्य मांगे शामिल हैं।

# पॉलिटेक्निक के छात्रों ने किया औद्योगिक भ्रमण

**बुरावली, अमृत विचार :** क्षेत्र के राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज सुतावली के मैकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग के द्वितीय एवं अंतिम वर्ष के छात्रों को बुधवार को हसनपुर स्थित प्रतिष्ठित कृषि यंत्र निर्माता इकाई, श्लीडर थ्रेसर एवं रोटावेटर का एक दिवसीय औद्योगिक भ्रमण कराया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को कृषि यंत्रों के निर्माण की बारीकियों और अत्याधुनिक मशीनिंग प्रक्रियाओं से अवगत कराना था। संस्थान के मैकेनिकल इंजीनियरिंग के प्रवक्ता कमल कुमार ने छात्रों को रोटावेटर की गियर प्रणाली और थ्रेसर की कार्यप्रणाली के पीछे के इंजीनियरिंग सिद्धांतों को तथा इनको बनाने के मैन्युफैक्चरिंग प्रक्रमो को समझाया। अश्विनी कुमार, डॉ जितेंद्र कुमार, मो शोयेब सिद्दीकी, अमित कुमार रहे।

# बुग्गी पर रखकर चलाया जा रहा ट्रांसफार्मर

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव फूलपुर बिझलपुर के जंगल में बुग्गी पर रखे ट्रांसफार्मर का वीडियो बुधवार सुबह का बताया जा रहा है, जिसमें किसान बुग्गी पर रखे ट्रांसफार्मर से सिंचाई करता दिख रहा है। जो किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहा है। सूचना मिलते ही एसडीओ देहात मिथिलेश कुमार मौके पर पहुंचे।

उन्होंने बताया कि करीब एक माह पहले क्षेत्र से 40 खंभों का तार चोरी कर लिया गया था। तार न होने और सूखती फसल को बचाने के चक्कर में किसान ने जोखिम उठाकर बुग्गी पर ट्रांसफार्मर रखकर सिंचाई शुरू कर दी। विभाग अब इस मामले

● **वीडियो वायरल होने के बाद विभागीय अधिकारियों ने हटवाया**



बुग्गी पर रखा ट्रांसफार्मर।

में आवश्यक कार्यवाही और लाइन सुचारू करने के प्रयास में जुटा है। फिलहाल बुग्गी पर रखे ट्रांसफार्मर को हटवा दिया गया है।

# रमजान माह की तैयारियों को लेकर सौंपा ज्ञापन

संवाददाता मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** रमजान माह में कस्बा में सफाई और प्रकाश व्यवस्था सही रहे। इस संबंध में सभासदों एवं मुस्लिम समाज के लोगों ने पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल तथा अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा को एक मांग पत्र सौंपा।

ज्ञापन में रमजान के दौरान नगर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाने, पेयजल आपूर्ति बढ़ाने और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की प्रमुख मांगें उठाई गईं। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि रमजान के महीने में बड़ी संख्या में लोग मस्जिदों में नमाज अदा करने के



चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल को ज्ञापन सौंपते शहर के लोग। ● अमृत विचार

लिए पहुंचते हैं। सभी वार्डों में सुबह व शाम विशेष सफाई अभियान चलाने की मांग की। प्रत्येक शुक्रवार को मस्जिदों के बाहर चूने का छिड़काव कर स्वच्छता की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। रोजेदारों की सहूलियत के लिए सुबह और शाम पानी की सप्लाई की अवधि एक-एक घंटा बढ़ाई जाए। ताकि सेहरी और इफ्तार के समय किसी प्रकार की दिक्कत न हो। जिन वार्डों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए।

● **पालिका अध्यक्ष से साफ-सफाई, पानी और प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की**

पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त करते हुए कहा कि रमजान के पवित्र माह में नगरवासियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इस अवसर पर आलम शेख, सभासद राजा, बाबू सैफी, जावेद अली, समीर सभासद, अफजाल सैफी, अनवर सैफी, एहसान मंसूरी, आसिफ राइनी, आरिफ अली, फुरकान, शहबाज, आरिफ अंसारी, फईम अंसारी और रिफाकत कुरैशी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** पुलिस ने अभियान चलाकर कार्रवाई करते हुए 2 वारंटी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर हसनपुर कोतवाली पुलिस ने वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए एक अभियान चलाया गया। पुलिस ने कोतवाली क्षेत्र के गांव शेरगढ़ निवासी राजू पुत्र रघुवीर एवं ग्राम डगरौली निवासी ओमपाल पुत्र जयपाल को गिरफ्तार किया गया। प्रभारी निरीक्षक प्रेमपाल ने बताया कि अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए आगे भी यह अभियान जारी रहेगा।

# ईदगाह और चामुंडा मंदिर मार्ग बदहाल

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर के दो प्रमुख धार्मिक स्थलों ईदगाह और चामुंडा मंदिर को जोड़ने वाली मुख्य सड़क की जर्जर हालत को लेकर बुधवार को स्थानीय नागरिकों का गुस्सा फूट पड़ा। क्षेत्रवासियों ने अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह को ज्ञापन सौंपकर सड़क की शीघ्र मरम्मत कराने की मांग की।

शिकायती पत्र में लोगों बताया कि रोड पर गहरे गड्ढों, कीचड़ और भारी जलभराव है। रोड पर गड्ढों में जल भराव होने से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रमजान का पवित्र महीना शुरू हो चुका है और आगामी ईद की



बदहाल मार्ग। ● अमृत विचार

नमाज के लिए हजारों की संख्या में नमाजी इसी मार्ग से ईदगाह पहुंचेंगे। ऐसी स्थिति में वर्तमान दुर्दशा से भारी असुविधा और दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द उचित कार्यवाही और साफ-सफाई का भरोसा दिया है। ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से समीर खान, मोहम्मद शाहनवाज, मोहम्मद आरिफ, महेश, बबलू, सतवीर, भोले चौधरी, फरजान कुरैशी, मोहम्मद लाइक, मुन्ने इदरीसी, दानियाल सैफी, जाकिर अल्वी, इमरान और भूरे कुरैशी आदि रहे।

अमृत विचार

मुरादाबाद, गुरुवार, 19 फरवरी 2026

संभल-चन्दौसी

## न्यूज ब्रीफ

### ईशिता ने जेईई मेन्स में 99.57 परसेंटाइल हासिल किए

**चंदौसी, अमृत विचार :** शहर के आवास विकास के परिवार की ईशिता गुप्ता ने जेईई मेन्स परीक्षा में 99 .57 परसेंटाइल प्राप्त किया है। ईशिता, गाजियाबाद के राजविलास निवासी उमेशचंद्र गुप्ता की पुत्री हैं और बाल जगत सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गाजियाबाद में कक्षा 12 की छात्रा हैं। ईशिता ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माँ शालिनी गुप्ता और बड़ी बहन प्रिशा गुप्ता को दिया। दादी भावना गुप्ता ने खुशी व्यक्त की।



इशिता।

### दरोगा सहित 39 पुलिसकर्मी लाइन हाजिर

**संभल, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने जनपद के विभिन्न स्थानों में तैनात पुलिस कर्मियों की कार्यप्रणाली को लेकर मिल रही शिकायतों के बाद सख्त एक्शन लिया है। पुलिस अधीक्षक में एक दरोगा सहित 39 पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है। इन पुलिसकर्मियों की कार्यप्रणाली को लेकर शिकायत मिली थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने अपने स्तर से गोपनीय जांच कराई दो शिकायत की पुष्टि हुई। इसके बाद ही यह एक्शन लिया गया है।

### मारपीट के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**चंदौसी, अमृत विचार :** थाना बनियाठेर पुलिस ने मारपीट के मामले में वांछित राजवीर, कालू उर्फ देवेन्द्र और दीपक निवासी ग्राम देवापुर को दबोच लिया। पीड़ित राजपाल ने 16 फरवरी को आरोपियों के खिलाफ गाली-गलौज और मारपीट की शिकायत दर्ज कराई थी।

### हादसे में बाइक सवार तीन लोग घायल

**बबराला, अमृत विचार :** बदायूं के जरीफनगर थाना क्षेत्र के गांव समसपुर भूड़ निवासी नरेश पाल, उनका पुत्र सत्यपाल और सिपट्टर बाइक से जुनावई क्षेत्र के गांव खेरिया रूद्र नरेश के साले उदयवीर के अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान गांव वैरपुर महराजी के पास तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# 'यादव जी की लव स्टोरी' का तीखा विरोध

## धनारी थाने में निर्माता, निर्देशक, हीरो-हीरोइन पर रिपोर्ट दर्ज, कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव जी की लव स्टोरी का विरोध तेज हो गया है। बुधवार को समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं व यादव समाज के लोगों ने फिल्म पर पाबंदी की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। धनारी थाना पुलिस ने फिल्म के निर्माता, निर्देशक और हीरो-हीरोइन सहित चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

धनारी थाना में गांव भकरौली निवासी अरविंद कुमार की तहरीर पर फिल्म निर्माता संदीप तोमर, निर्देशक अंकित भड़ाना, अभिनेत्री प्रगति तिवारी और अभिनेता विशाल मोहन के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। तहरीर में कहा गया कि फिल्म की कहानी से यादव समाज की छवि धूमिल होती है और सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने की आशंका है। आरोप है कि फिल्म में यादव समाज की लड़की और दूसरे समुदाय के युवक की प्रेम कहानी को



फिल्म पर पाबंदी की मांग को लेकर प्रदर्शन करते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार



कलेक्ट्रेट पर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

● **फिल्म से यादव समाज की छवि धूमिल करने की बात कही**

आपत्तिजनक ढंग से प्रस्तुत किया गया।चेतावनी दी है कि यदि फिल्म रिलीज हुई तो सिनेमाघरों में प्रदर्शन का विरोध किया जाएगा। सिनेमा घर संचालकों से अपील की है कि वे फिल्म का प्रदर्शन न करें।

धनारी थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि अरविंद कुमार की शिकायत पर उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### सिनेमाघरों में नहीं चलने दी जाएगी यादव जी की लव स्टोरी

**संभल, अमृत विचार :** 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव-जी की लव स्टोरी को लेकर बुधवार को कलेक्ट्रेट पर सपा युवजन सभा कार्यकर्ताओं ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि फिल्म को किसी भी सिनेमा घर में चलने नहीं दिया जाएगा। साथ ही जिलाधिकारी के नाम ज्ञापन देकर फिल्म पर रोक लगाने और संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। बुधवार को समाजवादी पार्टी युवजन सभा के कार्यकर्ताओं ने डिप्टी कलेक्टर नीतू रानी को ज्ञापन सौंपा। कहा कि फिल्म के फिल्म में यादव जाति का कोई वास्तविक पात्र नहीं है और केवल यादव समाज की छवि खराब करने की नीयत से फिल्म को यह नाम दिया गया है। सपा के जिला महासचिव कृष्णमुरारी शंखधार ने कहा कि जिस प्रकार फिल्म में कथानक प्रस्तुत किया गया है, उससे सामाजिक ताने-बाने को ठेस पहुंची है । सपा युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुनील यादव ने कहा कि फिल्म में यादव समाज की बेटी और मुस्लिम युवक की कहानी दिखाई गई है। उनका कहना है कि कहानी से उन्हें आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे "लव जिहाद" के रूप में प्रस्तुत किए जाने की बात कही जा रही है, जो एक संवेदनशील और विवादित विषय है। ज्ञापन देने वालों में उमेश चंद्र दिवाकर, अरविंद यादव, राहुल यादव, अनूप कुमार, मनीष यादव, ताहिर उल्ला खान, लव कुमार, रवि कुमार, शिवम यादव, पप्पू यादव, मोहित, यादवेंद्र यादव, वीरेश यादव और सूरजपाल यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बुर्का पहनकर कांवड़ लाने पर तमन्ना को धमकियां

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** बुर्का पहनकर हरिद्वार से कावड़ लाने वाली तमन्ना को सोशल मीडिया पर धमकाया जा रहा है। तमन्ना ने परिवार की सुरक्षा और धमकाने वालों पर कार्रवाई के लिए बुधवार को थाना असमोली पहुंचकर पुलिस को अर्जी दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरु कर दी है।

असमोली थाना क्षेत्र के बदनपुर बसई गांव की रहने वाली तमन्ना ने साढे तीन साल पहले अपने ही गांव के हिंदू युवक अमन त्यागी के साथ विवाह किया था। अब

● **तमन्ना ने पति के साथ असमोली थाने में दी तहरीर**

तमन्ना हरिद्वार से बुर्का पहनकर कावड़ लेकर आई तो सोशल मीडिया में चर्चित हो गई।

तमन्ना बुधवार को पति अमन त्यागी के साथ थाना असमोली पहुंची। प्रभारी निरीक्षक मोहित कुमार को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करने और परिवार की सुरक्षा की मांग उठाई। तमन्ना ने कहा कि बुर्का पहनकर हरिद्वार से कावड़ लाने और जलाभिषेक करने के बाद से उसे जिंदा जला देने जैसी धमकियां दी जा रही हैं।



प्रभारी निरीक्षक को तहरीर देती तमन्ना। ● अमृत विचार

# आज से रमजान, बाजारों में बढ़ी रौनक



चांद की तस्दीक को लेकर चर्चा करते उलेमा। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** बुधवार शाम को चांद नजर आने की तस्दीक के बाद उलेमाओं ने 19 फरवरी से रमजान माह की शुरुआत और पहले रोजे का ऐलान किया है। रमजान माह का आगाज होते ही शाम को रोजे की तैयारी के बीच लोग बाजार में सहरी का सामान खरीदते नजर आये।

मरकज़ी मदरसा अहले सुन्नत अजमल उल उलूम में मरकज़ी रुयते

● **लोग बाजार में सहरी का सामान खरीदते नजर आये**

हिलाल कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की सदारत शहर मुफ़्ती क़ारी अलाउद्दीन अजमली ने की। कई इलाक़ों से चांद नज़र आने की तस्दीक़ मिलने पर ख़बर-ए-इस्तिफ़ादा की बुनियाद पर उलमा-ए-संभल की मौजूदगी में ऐलान किया गया कि 19 फरवरी, जुमेरात को पहला रोज़ा होगा और 1 रमज़ान उल मुबारक से पाक महीने का आग़ाज़ किया जाएगा। क़ारी तनज़ीम अशरफ़ अजमली, मुफ़्ती राशिद सक़ाफ़ी, मुफ़्ती आलम नूरी, इमामे ईदगाह मौलाना ज़हीरुल इस्लाम, मौलाना शरीफ़ अहमद, ख़्वाजा कलीम अशरफ़, मौलाना शमशाद मिस्बाही, क़ारी साजिद, क़ारी सरताज, क़ारी शाहिद, हाजी ज़फ़ीर अहमद, सय्यद अब्दुल क़दीर, फ़रीद एडवोकेट, मास्टर इस्माईल और तक़ी अशरफ़ एडवोकेट मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा : पहले दिन 2,641 परीक्षार्थी अनुपस्थित

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं का बुधवार को शुभारंभ हुआ। परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम रहे। पहले ही दिन बड़ी संख्या में परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कुल 51,427 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 2,641 ने परीक्षा नहीं दी।

हाईस्कूल में कुल 27,546 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं, जिनमें से 26,107 छात्रों ने हिंदी का प्रश्नपत्र दिया, जबकि 1,524 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। वहीं इंटरमीडिएट में कुल 22,099 परीक्षार्थी हैं, जिनमें से 20,983 ने हिंदी का पेपर दिया और 1,117 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। बोर्ड परीक्षा के पहले दिन प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के गृह जनपद संभल में नकल विहीन परीक्षा को लेकर प्रशासन पूरी



शंकर कॉलेज परीक्षा केंद्र से परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं। ● अमृत विचार

तरह सतर्क नजर आया। जिले में परीक्षा के लिए कुल 77 केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 12 राजकीय, 35 सहायता प्राप्त और 30 वित्तविहीन विद्यालय शामिल हैं। इनमें से दो केंद्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है, जहां विशेष निगरानी रखी गई।

पहले दिन हिंदी और प्रारंभिक हिंदी की परीक्षा सुबह 8:30 बजे शुरू हुई, जो 11:30 बजे तक चली। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। परीक्षार्थियों के गले में पड़े कॉलेज आई कार्ड भी संघन चेकिंग के दौरान उतरवाए गए। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर के दायरे में फोटो स्टेट और मोबाइल की दुकानें पहली पाली के दौरान बंद रहीं। जिला विद्यालय निरीक्षक सर्वेश कुमार ने बताया कि परीक्षा को पारदर्शी और निष्पक्ष बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं की गई हैं। जिले में तीन जोनल मजिस्ट्रेट, 14 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 77 स्टैटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए गए हैं। इसके अलावा 77 केंद्र व्यवस्थापक और 77 बाह्य केंद्र व्यवस्थापक नियुक्त किए गए हैं। करीब 3,335 अध्यापकों की

● **परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराने के लिए रहे पुख्ता इंतजाम**

ड्यूटी लगाई गई है। डीआईओएस कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से सभी परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निगरानी की जा रही है। परीक्षार्थियों को पहले गेट पर लगे नोटिस बोर्ड से रोल नंबर की जानकारी दी गई, उसके बाद संघन जांच के बाद केंद्र में प्रवेश मिला। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि वर्ष 2024 के कानून के तहत यदि कोई परीक्षार्थी या अन्य व्यक्ति नकल करते पकड़ा गया तो उस पर एक करोड़ रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा, जेल भेजा जाएगा और संपत्ति कुर्क की जाएगी। परीक्षा के दौरान किसी भी समस्या के समाधान के लिए हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं। प्रशासन ने परीक्षार्थियों से शांतिपूर्ण ढंग से परीक्षा देने और नियमों का पालन करने की अपील की है।

# पंचायत चुनाव और अपराध नियंत्रण पर सख्त निर्देश

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई की संयुक्त अध्यक्षता में कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक में आगामी पंचायती चुनाव, अपराध नियंत्रण और विभिन्न अधिनियमों के तहत की जा रही कार्रवाइयों की समीक्षा की गई।

पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि वह ग्राम पंचायतों में नियमित भ्रमण करें और क्षेत्र की गतिविधियों पर पैनी नजर रखें। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि गैंगस्टर की कार्रवाई में तेजी लाई जाए और जनपद में नए गुंडों को चिन्हित कर उनके खिलाफ प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। जिला बदर और गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्रवाइयों की नियमित मॉनिटरिंग की कायदे से जाए।

● **डीएम और एसपी ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक**

### फिल्म विवाद में जारी करें नोटिस

**संभल :** यादव जी की लव स्टोरी को लेकर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित पक्षों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि रात 10 बजे के बाद किसी भी मैरिज होम में डीजे नहीं बजना चाहिए इसका सख्ती से पालन हो। एडीएम (न्यायिक) सौरभ कुमार पाण्डेय, एएसपी कुलदीप कुमार, एसडभ्एम गुन्नौर अवधेश कुमार आदि अधिकारी रहे।

# यूजीसी बिल के लिए भीम आर्मी का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** भीम आर्मी भारत एकता मिशन कार्यकर्ताओं ने यूजीसी बिल लागू करने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया।राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

संगठन से जुड़े लोग बुधवार सुबह को चौधरी सराय में इकट्ठा हुए। वहां से यूजीसी के समर्थन वाले पोस्टर हाथ में लेकर कार्यकर्ता हल्लू सराय तिराहा, यशोदा तिराहा व चंदौसी चौराहा होकर एसडीएम कार्यालय पहुंचे । जिला संयोजक राजीव कुमार ने कहा कि यदि यूजीसी बिल लागू होता है तो शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और शोषण व अत्याचार पर अंकुश लगेगा। कहा कि कुछ लोग




रैली निकालकर नारेबाजी करते भीम आर्मी भारत एकता मिशन के कार्यकर्ता।

● **चौधरी सराय से एसडीएम कार्यालय तक निकाली रैली, ज्ञापन दिया**

नहीं चाहते कि दलित, पिछड़े और आदिवासी समाज के लोग शिक्षा और प्रशासनिक क्षेत्रों में आगे बढ़ें। उन्होंने स्पष्ट किया कि एससी-एसटी समाज अपने अधिकारों के प्रति जागरूक है और लोकतांत्रिक व संवैधानिक तरीकों से संघर्ष करता रहेगा। एसडीएम रामानुज को सौंपे गये राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन में यूजीसी बिल को जल्द लागू करने और उसे संविधान की अनुसूची-9 में शामिल करने की मांग की गई है।

## न्यूज डायरी

### छत्रपति शिवाजी महाराज व रामकृष्ण परमहंस की जयंती मनाई

**चंदौसी, अमृत विचार :** सेमरटोला स्थित राजेश कुमार पब्लिक स्कूल में महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के सहयोग से छत्रपति शिवाजी महाराज और स्वामी रामकृष्ण परमहंस की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन राजेश कुमार ने की, जबकि संचालन ज्योति शर्मा ने किया। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माधव मिश्र ने कहा कि स्वामी रामकृष्ण परमहंस ने मानवता, सेवा और आध्यात्मिकता का मार्ग दिखाया, वहीं छत्रपति शिवाजी महाराज ने साहस और राष्ट्रभक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। देवेन्द्र प्रसाद शर्मा, एन.के. शर्मा, वेदराम मौर्य, वर्षा गर्ग, पुनीत कुमार गर्ग, रजनी वार्ष्णेय व प्रियंका गुप्ता सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।





### कमेटी ने उठाई जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई की मांग

**संभल, अमृत विचार :** रमजान का महीना शुरू होने से एक दिन पहले संभल की जामा मस्जिद कमेटी के सदर जफर अली ने जामा मस्जिद की रंगाई पुताई व सजावट की मांग उठा दी है। जफर अली ने भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग के सुपरिटेंडेंट आर्कियोलॉजिस्ट को पत्र भेज कर जल्द काम शुरू कराने को कहा है। 24 नवंबर 2024 को जामा मस्जिद में सर्वे की कार्यवाही के दौरान हुई हिंसा की घटना के बाद जामा मस्जिद कमेटी ने जामा मस्जिद की रंगाई पुताई की अनुमति जिला प्रशासन से मांगी थी। तब जिला प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद जामा मस्जिद कमेटी इस मामले को लेकर इलाहाबाद उच्च न्यायालय पहुंची।

### पाठ्यक्रम में गीता और रामायण शामिल करने की मांग

**संभल, अमृत विचार :** भारतीय इतिहास संकलन समिति की ऑनलाइन बैठक में वंदे मातरम के गायन या वादन को अनिवार्य किए जाने तथा गुलामी की निशानियों को हटाने के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। साथ ही पाठ्यक्रम में गीता और रामायण को शामिल करने की मांग भी उठाई गई। समिति के जिलाध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय प्रतीकों और मान बिंदुओं का सम्मान और संरक्षण प्रत्येक नागरिक का दायित्व है। बैठक में सुबोध कुमार गुप्ता, अतुल कुमार शर्मा, अत्यंत त्यागी, उमेश सैनी और मीनू रस्तोगी ने गुलामी की निशानियों को हटाने और भारतीय संस्कृति को महत्व देने के कदम का स्वागत किया। उन्होंने इसे महत्वपूर्ण निर्णय बताते हुए केंद्र सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। वैभव गुप्ता, पंकज सांख्यधर, नेहा मलय, अशोक कुमार गर्ग, डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता, ज्ञान प्रकाश उपाध्याय, अंकुश त्यागी, कमल शर्मा, रूपकिशोर शर्मा और सत्यवीर सिंह पाल ने पाठ्यक्रम में श्रीमद्भगवद्गीता और रामायण को शामिल किए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि गीता और रामायण को राष्ट्रीय ग्रंथ घोषित करते हुए शिक्षा पाठ्यक्रम में अनिवार्य विषय के रूप में सम्मिलित किया जाना चाहिए। बैठक की अध्यक्षता कैला देवी धाम के महंत ऋषि राज गिरी महाराज ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष अंकुश त्यागी ने किया।

### प्रतियोगिताओं में फतेहपुर गुन्नौर बना ओवरऑल विजेता

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज के मैदान में बुधवार को जनपद स्तरीय बाल महोत्सव, पाक कला, विज्ञान प्रश्नोत्तरी, पीएम श्री विद्यालय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं वार्षिकोत्सव का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अलका शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया ।कहानी लेखन में मरियम जहरा और पोस्टर प्रतियोगिता में किंजल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि विज्ञान प्रश्नोत्तरी में बहजोई की टीम विजेता रही। पाक कला प्रतियोगिता में पीएम श्री आटा विद्यालय ने बाजी मारी। खेल प्रतियोगिताओं में विभिन्न दौड़ और रिले स्पर्धाओं में छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें फतेहपुर के प्रतिभागियों का दबदबा रहा। बालिका वर्ग में भी प्रतिभागियों ने योगा और दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। समग्र प्रदर्शन के आधार पर पीएम श्री फतेहपुर, गुन्नौर को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया।



# असमोली में वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**असमोली, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र में संभल जोया मुख्य मार्ग पर असमोली मिल चौराहे पर बुधवार दोपहर सड़क हादसे में 90 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई।

थाना क्षेत्र के गांव नियमावली निवासी पूरन सिंह बुधवार दोपहर को अपनी दवाई लेने के लिए असमोली आए थे। दवाई लेकर जब वह वापस घर लौट रहे थे, तभी मिल चौराहे पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। मौके पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल बुजुर्ग को तत्काल पास के एक निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही असमोली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# कूड़े में जला दी उपलब्धियों की बुकलेट

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कूड़े के ढेर पर रखकर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों से संबंधित बुकलेट जलती हुई दिखाई दे रही है। बताया जा रहा है कि यह बुकलेट सरकार के आठ वर्षों के कार्यकाल की उपलब्धियों पर आधारित थी।

वीडियो में बड़ी संख्या में बुकलेट आग के हवाले की गई नजर आ रही हैं। जली हुई बुकलेटों के कवर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के फोटो स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र और प्रदेश सरकार अपनी योजनाओं और उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के माध्यम से प्रचार सामग्री वितरित करती है।



संभल में जलती भाजपा सरकार की उपलब्धियों की बुकलेट। ● अमृत विचार

● **भाजपा की बुकलेट जलने का वीडियो हुआ वायरल**

सोशल मीडिया पर कुछ लोगों द्वारा दावा किया जा रहा है कि यह वीडियो भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय के पास का है। हालांकि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष हरेंद्र सिंह ने इन दावों का खंडन किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिला कार्यालय के आसपास ऐसी कोई सामग्री नहीं जलाई गई है। जिला अध्यक्ष का कहना है कि जो भी प्रचार सामग्री वितरण के लिए आती है, उसे तत्काल मंडल अध्यक्षों को सौंप दिया जाता है। उन्होंने यह भी बताया कि इस समय आठ वर्ष की उपलब्धियों से संबंधित कोई सामग्री शेष नहीं है, बल्कि नौ वर्ष की उपलब्धियों वाली सामग्री का भी वितरण पहले ही किया जा चुका है। फिलहाल वीडियो की सत्यता और स्थान को लेकर आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन वायरल क्लिप ने स्थानीय स्तर पर चर्चा को जरूर जन्म दे दिया है।

# डीएम ने तहसीलदार का स्पष्टीकरण किया तलब

**संभल/बबराला, अमृत विचार:** आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायत के निस्तारण में लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए डीएम राजेंद्र पैंसिया ने तहसीलदार गुन्नौर से स्पष्टीकरण तलब किया है। सात दिन में जबाव मांगा हैं। आईजीआरएस पोर्टल पर घौंसली अनिरुद्ध निवासी पान सिंह ने चकमार्ग को अवैध कब्जे से मुक्त कराने की शिकायत दर्ज कराई थी। तहसीलदार गुन्नौर की ओर से दी गई आख्या में उल्लेख किया गया कि गांव का भू-चित्र जीर्ण-शीर्ण होने के कारण सीमांकन संभव नहीं है। जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया तहसीलदार की आख्या देखकर भड़क गये। डीएम ने कहा कि यदि भू-चित्र जीर्ण-शीर्ण है तो फील्ड बुक, खतौनी, नक्शा परवाना, पुनरीक्षित अभिलेख अथवा उच्च कार्यालयों से अभिलेख प्राप्त कर स्थलीय सीमांकन की कार्रवाई की जानी चाहिए।

